अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 11.11.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन
ई-कोर्ट	श्रीमती कन्सा मारकण्डेय	रजिस्ट्रेशन नं. 202110100400275

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती कन्सा मारकण्डेय पति श्री शंकर दास निवासी सेक्टर-4 सड़क नं.10 12/एफ भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	927/6	0.020 हें /2040 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यूज गैलरी

जेल में बंद विजय शर्मा से मिलने पहुंचे भाजपाई, कहा-बदले की कार्यवाही

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव व प्रमुख लोगों ने रायपुर केंद्रीय जेल पहुंच कर भाजपा प्रदेश मंत्री विजय शर्मा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार की दमनकारी कार्यवाही की निंदा की। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव ने कहा कि विजय शर्मा की गिरफ्तारी और रातों रात कवर्धा से रायपुर सेंट्रल जेल लाया जाना प्रदेश सरकार की राजनीतिक प्रतिशोध को उजागर करता हैं। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार साम्प्रदायिक सामाजिक सद्भाव बहाल करने के बजाय बदलापुर की भावना से कार्य कर रही हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार के दबाव में की गई कार्यवाही की निंदा की और कहा कि भाजपा का एक एक कार्यकर्ता दमनकारी कार्यवाही के खिलाफउन सभी के साथ खड़ा हैं, जिन पर दमनपूर्वक कार्यवाही की जा रही हैं। इस दौरान दीपक म्हस्के, गोविंदा गुप्ता, अर्पित सूर्यवंशी, अनूप खेलकर, संजय कश्यप, राजेश गुप्ता, अभिजीत पांडेय, हरिवंश वर्मा सहित भाजपा नेताओं ने विजय शर्मा से मुलाकात की।

विचाराधीन कैदी हथकड़ी सहित मेकाहारा से हुआ फरार

रायपुर/नवप्रदेश। विचाराधीन कैदी इलाज के दौरान जेल प्रहरी को चकमा देकर अस्पताल से हथकड़ी सहित फरार हो गया। इसकी सूचना मौदहापारा थाने में दे दी गई है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार जेल प्रहरी संतोष संतोष कुमार साहू 51 वर्ष ने मौदहापारा थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि केन्द्रीय जेल का विचाराधीन बंदी गुरूमुख सिंग उम्र 53 वर्ष निवासी जिला नासिक (महाराष्ट्र) को 25 अक्टूबर को डॉ.भीमराव अम्बेडकर अस्पताल रायुपर में उपचार के लिए भर्ती किया गया था। इसकी सुरक्षा में प्रार्थी शाम 6 से रात 10 बजे की शिफ्ट में डयूटी पर तैनात था। आरोपी रात को ट्रामां सेंटर मेकाहारा परिसर से चकमा देकर हथकड़ी सहित फरार हो गया। आरोपी के खिलाफधारा 224 के तहत मामला दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

ज्ञात हो कि अम्बेडकर अस्पताल से फरार कैदी गुरुमुख सिंह उर्फ बिल्ला अस्पताल के केजुअल्टी वार्ड से हथकड़ी समेत हुआ फरार। चोरी के ट्रकों को कटवाने के आरोप में जेल में बंद था। आरोपी तिल्दा नेवरा में गिरफ्तार हुआ था, जबकि वह पुणे नासिक निवासी है। कैदी को रायपुर सेंट्रल जेल से इलाज के लिए अम्बेडकर अस्पताल लाया गया था, जहां जेल प्रहरी संतोष साहू की निगरानी में इलाज चल रहा था। हालांकि राज्य के सबसे बड़े सरकारी अंबेडकर अस्पताल में हुई इस घटना ने एक बार फिर अस्पताल की सुरक्षा पर सवालिया निशान लगा दिया है।

गृह मंत्री साहू ने दिल्ली में नवा छग सदन के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। गृह और लोक निर्माण मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने आज नई दिल्ली प्रवास के दौरान द्वारका में बन रहे नवा छत्तीसगढ़ सदन के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गृह मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए कार्य को तेजी से पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान गृहमंत्री श्री ताम्रध्वज साहू के साथ नई दिल्ली के लोक निर्माण विभाग के अधिकारी श्री आर.पी. यादव भी उपस्थित थे।

आदिवासी नृत्य महोत्सव में भाग लेने भारत पहुंचा उज्बेकिस्तान का नृत्य दल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 28 अक्टूबर से शुरू हो रहे राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में भाग लेने आज उज्बेकिस्तान के नृत्य कलाकारों का दल दिल्ली पहुंच चुका है। दिल्ली से कलाकारों का यह दल जल्द ही रायपुर पहुंचेगा। इससे पहले विदेशी कलाकारों की टीम का छत्तीसगढ़ पहुंचना शुरू हो गया है। सबसे पहले नाइजीरिया के कलाकार रायपुर पहुंचे हैं। महोत्सव में भाग लेने वाली लगभग सभी टीमें 27 अक्टूबर तक रायपुर पहुंच जायेंगी। 28 अक्टूबर को इन कला दलों के मार्चपास्ट के साथ भव्य एवं आकर्षक राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आगाज होगा। तीन दिनों तक चलने वाला आदिवासी नृत्य महोत्सव, विदेशी और देशी कलाकारों के संगम से विविध कला रंगों में सराबोर, भव्य और काफी मनोरंजक होगा।

टीकाकरण केंद्रों में भी आयुष्मान कार्ड बनेगा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मीरा बघेल ने सीएचसी के जिला प्रबंधक जिले में निर्धारित टीकाकरण केंद्रों में चॉइस सेंटरो के वी एल ई एस के माध्यम से निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु पत्र प्रेषित किया है। उन्होंने बताया कि रायपुर जिला में 62 प्रतिशत हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है।

तार मिस्त्री के लिए आवेदन 30 नवबंर तक

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के छत्तीसगढ़ अनुज्ञापन मंडल विद्युत द्वारा संचालित तारमिस्त्री परीक्षा जनवरी 2022 में सम्मिलित होने के लिए आवेदन पत्र जमा किये जाने की तिथि 1 अक्टूबर से 30 नवबंर 2021 नियत है। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि रायपुर में आयोजित होने वाली इस परीक्षा के लिए रायपुर, बलौदा बाजार एवं गरियाबंद जिले से संबंधित आवेदक, आवेदन पत्र कार्यालय कार्यपालन अभियंता (विद्युत सुरक्षा) एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक, छत्तीसगढ़ शासन 246, आम बगीचा, सुन्दर नगर, रायपुर से कार्यालय अवधि में निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।

आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में खुले खुशहाली के नये दरवाजे

वन अधिकार पत्र वितरण, लघु वनोपज संग्रहण, वैल्यू एडीशन, तेंदूपत्ता संग्रहण दर में बढ़ोतरी जैसे कदमों से आ रहा है बदलाव

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आदिवासियों एवं वनाश्रितों के जीवन में बदलाव लाने के लिए शुरु की गई विभिन्न योजनाओं ने आदिवासी क्षेत्रों में विश्वास के वातावरण की बहाली हुई है। प्रदेश के ऐसे क्षेत्रों में शांति, विकास और समृद्धि के नये वातावरण का निर्माण हुआ है। वनभूमि अधिकार पत्र वितरण करने, लघु वनोपज संग्रहण करने, उनका वैल्यू एडीशन करने, तेंदूपत्ता संग्राहकों की आय में बढ़ोतरी करने, लघु धान्य फसलों का समर्थन मूल्य घोषित करने जैसे कदमों से राज्य शासन ने आदिवासी क्षेत्रों में विकास के नये दरवाजे खोल दिए हैं।

लघु वनोपज संग्रहण

वनवासियों को वन भूमि अधिकार पट्टा देने के मामले में छत्तीसगढ़ पूरे देश में अव्वल राज्य है। छत्तीसगढ़ में अब तक 04 लाख 41 हजार 500 से अधिक लोगों को व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र वितरित किए जा चुके हैं। इसके माध्यम से 03 लाख 60 हजार 6 सौ हेक्टेयर से अधिक भूमि का अबंटन किया गया है। 2 हजार 617 ग्राम सभाओं को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार दिए गए हैं। इनके माध्यम से 10 लाख 60 हजार 738 हेक्टेयर क्षेत्र में वनवासी ग्रामीणों को वन संसाधन का अधिकार प्राप्त हुआ है।

तेंदूपत्ता संग्राहकों की आय में बढ़ोतरी करने

वन अधिकार पट्टा धारकों वन अधिकार पट्टा धारकों के जीवन को खुशहाल बनाने के लिए राज्य शासन द्वारा भूमि समतलीकरण, मेड़ बांधन, सिंचाई सुविधा के साथ-साथ खाद-बीज एवं कृषि उपकरणों संबंधी सहायता भी उपलब्ध कराई जाती है। तेंदूपत्ता और लघु वनोपज संग्रहण के जरिये वनवासियों की आय में बढ़ोतरी की गई है। लघु वनोपजों के वैल्यू एडीशन के लिए 139 वन धन केंद्रों का संचालन राज्य में किया जा रहा है।

इनके अलावा सुराजी गांव योजना के तहत गांव-गांव में बने गोठानों में भी वैल्यू एडीशन किया जा रहा है। वनक्षेत्रों में लघु वनोपजों एवं वनौषधियों से तैयार उत्पादों की बिक्री वन विभाग के संजीवनी काउंटर के साथ-साथ निजी दुकानों में भी की जा रही है। हाल ही में शुरु की गई श्री धन्वंतरी जैनेरिक मेडिकल स्टोर्स योजना के तहत प्रदेश में खोले गए मेडिकल स्टोरों में भी इन उत्पादों की बिक्री की जा रही है। ये उत्पाद अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे ऑनलाइन प्लेटफार्मों के माध्यम से भी देशभर में बेचे जा रहे हैं।

सामाजिक सुरक्षा योजना

ये उत्पाद अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे ऑनलाइन प्लेटफार्मों के माध्यम सेकोरोना संकट काल में भी राज्य में लघु वनोपज और तेंदूपत्ता संग्रहण का काम चलता रहा। तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य इस वर्ष, यानी 2021 में भी सुचारू रूप से चल रहा है। 12 लाख 14 हजार से ज्यादा संग्राहकों से 13 लाख मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण कर उन्हें 520 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। तेंदूपत्ता संग्रहण दर में बढ़ोतरी किए जाने से वर्ष 2019 में 13 लाख 51 हजार से ज्यादा परिवारों को 225 करोड़ 75 लाख रुपए की अतिरिक्त आय तेंदूपत्ता संग्रहण के समय ही प्राप्त हुई थी।

गुजरात मॉडल फेल देश कांग्रेस के छग मॉडल की तारीफ कर रहा : कांग्रेस

■ यूपी से लेकर हिमाचल तक छत्तीसगढ़ मॉडल की गूंज

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस ने कहा कि भाजपा के गुजरात मॉडल की हवा निकल चुकी है। अब देश के सामने छत्तीसगढ़ का विश्वसनीय मॉडल उभरकर सामने आया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि 2014 के पहले नरेन्द्र मोदी जब अपने आपको प्रधानमंत्री पद का दावेदार प्रचारित कर रहे थे तब उन्होंने प्रायोजित तरीके से गुजरात मॉडल के तथाकथित विकास को देश के सामने प्रचारित किया था। लेकिन आज देश और दुनिया के सामने मोदी और भाजपा के गुजरात मॉडल असफल हो गया है। किसानों और मजूदरों तथा आम आदमी की सशक्तिकरण के किये जा रहे हैं कार्यो के कारण पिछले तीन सालों में देश के सामने कांग्रेस का छत्तीसगढ़ मॉडल सामने आ रहा। उत्तरप्रदेश से लेकर हिमांचल के चुनावों तक कांग्रेस के छत्तीसगढ़ मॉडल की गूंज सुनाई दने शुरू हो गयी है। देश के अन्य राज्य की जनता भी अपने यहां छत्तीसगढ़ मॉडल की तर्ज पर विकास चाह रही है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि आज जब सालभर से समर्थन मूल्य के लिये देश भर के किसान आंदोलित है तब छत्तीसगढ़ देश का अकेला ऐसा राज्य है जो अपने राज्य के किसानों को उनकी ऊपज को न सिर्फसमर्थन मूल्य पर खरीद रहा है।

किसानों को 9000 रू. प्रति एकड़ के हिसाब से अतिरिक्त सहायता भी दे रहा है। जब देश में लॉकडाउन के समय मजदूर रोजी-रोटी के लिये परेशान थे सारी फैक्ट्रियां बंद थी तब छत्तीसगढ़ ने एक दिन में 20 लाख से अधिक मजदूरों को काम देकर नया रिकार्ड बनाया था। देश और दुनिया ने कल्पना भी नहीं किया होगा कि गोबर से भी विकास के नये सोपान गढ़े जा सकते हैं। छत्तीसगढ़ ने ''गोधन न्याय योजना'' से गोबर को भी रोजगार का नया साधन बना दिया। जिसमें मवेशी चराने वाले, गोपालक और स्व-सहायता समूहों को तो फायदा हो ही रहा। राज्य जैविक खेती की ओर भी बढ़ रहा है।

जब देश में किसानों की जमीनें उद्योगों के लिये अधिग्रहित किये जाने का दौर चल रहा है, ऐसे में छत्तीसगढ़ सरकार ने उद्योग के लिये मुआवजा देकर अधिग्रहित जमीन को आदिवासी किसानों को इसलिये वापस कर दिया कि वहां पर वह समूह उद्योग नहीं लगा रहा जिनके लिये जमीन का अधिग्रहण किया गया था। किसानों को दिया मुआवजा भी वापस नहीं किया गया। देशभर में खरीदे जाने वाले लघु वनोपज के 70 प्रतिशत से अधिक वनोपज को अकेले छत्तीसगढ़ ने खरीद कर वनवासी क्षेत्र के लोगों के रोजगार के पारंपरिक साधन को मजबूत किया है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस का छत्तीसगढ़ मॉडल देश के सामने इसलिये भी लोकप्रिय और विश्वसनीय साबित हो रहा है क्योंकि छत्तीसगढ़ में विकास की अवधारणा सिर्फ बड़ी-बड़ी अट्टालिकायें खड़ी करना या कांक्रीट के जंगल बसाना नहीं है।

कांग्रेस के विकास की अवधारणा में आम आदमी का सशक्तिकरण करना है जिसमें समाज का हर तबका आर्थिक रूप से सुदृढ़ और आत्मनिर्भर हो सके।

मंत्री डॉ. डहरिया ने जन सामान्य से भेंट कर हितग्राहियों को किया लाभान्वित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने आज यहां रायपुर में उनके निवास में आये विभिन्न क्षेत्रीय प्रतिनिधियों एवं जन सामान्य से भेंट, मुलाकात कर क्षेत्र में हो रहे कार्यों के संबंध में चर्चा की। डॉ. डहरिया ने जन सामान्य से भेंट के दौरान उनकी विभिन्न समस्याओं की जानकारी ली एवं उन्हें हर संभव निराकरण के लिए उन्हें आश्वस्त किया। डॉ. डहरिया ने विभिन्न हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया।

मंत्री डॉ डहरिया ने अपने निवास पर लोगों से भेंट मुलाकात के दौरान हितग्राहियों को समाज कल्याण विभाग की दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना के हितग्राहियों को चेक प्रदान किया। हितग्राहियों में रायपुर जिले के आरंग विकासखण्ड के कोटनी ग्राम की श्रीमती सहोद्री बर्मन और चन्द्रशेखर बर्मन को एक लाख रूपए की राशि का चेक प्रदान किया। रानीसागर के चन्द्रशेखर साहू एवं श्रीमती उर्मिला साहू को 50 हजार रूपए, नवागांव की श्रीमती अनिला टोन्डे और छन्नूलाल बांधे को एक लाख रूपए और कागदेही के श्री गोपेन्द्र कुमार सोनकर और श्रीमती कौशिल्या सोनकर को 50 हजार रूपए की राशि का चेक प्रदान किया। इसी तरह से नकटी कुम्हारी (तिल्दा) की श्रीमती गायत्री निषाद और श्री भगवान सिंह को 50 हजार रूपए की राशि का चेक दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत प्रदान किया।

मिट्टी के दीए को प्रोत्साहित करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। दीपावली पर्व पर रायपुर जिले में कुम्हारों और ग्रामीणों द्वारा मिट्टी के दिये बनाये जाते है तथा इन्हें बाजारों में विक्रय हेतु लाया जाता है । कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने रायपुर जिले के नगर पालिका निगम रायपुर एवं बिरगांव के आयुक्त के साथ-साथ सभी अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व), सभी तहसीलदारों, सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं जिले के सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों को आदेशित किया है कि मिट्टी के दिये विक्रय किये जाने हेतु आने वाले इन ग्रामीणों और कुम्हारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका पूर्ण रूप से ध्यान रखा जाये। कलेक्टर ने नगर पालिका, नगर पंचायत क्षेत्र तथा ग्रामीण अंचलों में इनसे किसी भी प्रकार की कर वसूली नहीं करने का आदेश जारी किया है।

कमीशन खोर कार्यपालन अधिकारी को बर्खास्त करे सरकार: प्रदीप साहू

रायपुर/नवप्रदेश। अजीत जोगी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप साहू ने प्रधानमंत्री सड़क योजना के बिल का पास करने के लिए बेमेतरा कार्यपालन अभियंता डी डी जयसवाल के द्वारा कमीशन में 200,000 मांगने के बाद पहला किस्त 20,000 लेने पचपेड़ी नाका, रायपुर पहुंचे डी डी जायसवाल को आज एसीबी ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। उक्त घटना के बाद छत्तीसगढ़ सरकार के कमीशन खोरी की पोल खुल गई है। किसी समय भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में कमीशन खोरी पर सवाल उठाकर तथा कमीशन खोरी को मुद्दा बनाकर सरकार बनाने वाली कांग्रेस राज में अब कमीशन का खेल जोर शोर से चल रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण कार्यपालन अधिकारी डी डी जायसवाल के विरुद्ध एसीबी की कार्यवाही है।

एसीबी की टीम ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के बेमेतरा में पदस्थ अभियंता दीनदयाल जायसवाल को 2 लाख की रिश्वत लेते पकड़ा है। वहीँ अंबिकापुर एसीबी ने स्कूल के प्रायार्य षीवधर ओझा को 2 हजार की रिश्वत लेते और दुर्ग से पटवारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव और उसके सहयोगी लेखराम निषाद को 6 हजार लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

प्रदीप साहू ने कहा ऐसे भ्रष्ट अधिकारी को तत्काल बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए क्योंकि यह कमीशन खोर अधिकारी न सिर्फ राजस्व की चोरी कर रहे हैं बल्कि आम जनता के खून पसीने की गाढ़ी कमाई को भी लूटने का काम कर रहे।

साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित नेशनल ट्राईबल डांस फेस्टिवल के लिए पार्किंग स्थल निर्धारित

रायपुर/नवप्रदेश। नेशनल ट्राईबल डांस फेस्टिवल का आयोजन रायपुर के साइंस कालेज मैदान में दिनांक 28 से 30 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। यातायात पुलिस, रायपुर द्वारा यातायात निर्देशिका बनाया गया है, जिसके तहत कार्यक्रम में विभिन्न जिलों और रायपुर शहर से आने वाले वाहनों के सुचारू एवं सुविधापूर्वक आवागमन के लिए मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था निर्धारित किया गया है।

जिसमें धमतरी, गरियाबंद, कांकेर की ओर से आने वाले लोग वाहन पचपेड़ीनाका से रिंग रोड नंबर 01 होकर सरोना ओव्हरब्रिज के पहले टोयटा शो रूम के पास से आमानाका थाना मोड़ होकर कांगेरवेली एकेडमी के सामने से एनसीसी मैदान स्थित निर्धारित पार्किंग स्थल पर अपना वाहन पार्क कर पैदल कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। महासमुंद, आरंग की ओर से आने वाले लोग वाहन तेलीबांधा थाना चौंक से पचपेड़ी नाका होकर रिंग रोड नंबर 01 से सरोना ओव्हरब्रिज के पहले टोयटा शो रूम के पास से आमानाका थाना मोड़ होकर कांगेरवेली एकेडमी के सामने से एनसीसी मैदान स्थित निर्धारित पार्किंग स्थल पर अपना वाहन पार्क कर पैदल कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे।

बलौदाबाजार की ओर से आने वाले वाहन लोग विधानसभा चौक ब्रिज के नीचे से रिंग रोड नंबर 03 होकर राजू ढाबा से तेलीबांधा थाना तिराहा पचपेड़ीनाका चौंक, रायपुरा चौंक, अरिहंत नगर चौंक से आमानाका थाना तिराहा होकर कांगेरवेली एकेडमी के सामने से एनसीसी मैदान स्थित निर्धारित पार्किंग स्थल पर अपना वाहन पार्क कर पैदल कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे।

बिलासपुर की ओर से आने वाले लोग वाहन भनपुरी तिराहा से रिंग रोड नंबर 02 होकर टाटीबंध चौक से अरिहंत नगर चौक से आमानाका थाना मोड़ होकर कांगेरवेली एकेडमी के सामने से एनसीसी मैदान स्थित निर्धारित पार्किंग स्थल पर अपना वाहन पार्क कर पैदल कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे।

दुर्ग-भिलाई की ओर से आने वाले लोग वाहन टाटीबंध चौक से अरिहंत नगर चौक से आमानाका थाना मोड़ से कांगेरवेली अकादमी होकर एनसीसी मैदान पार्किंग स्थल पर अपना वाहन पार्क कर पैदल कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे।

इसी तरह रायपुर शहर से आने वाले लोग वाहन शास्त्री चौक से जयस्तंभ चौक से आश्रम तिराहा, अनुपम गार्डन चौक होकर साइंस कालेज मैदान पार्किंग, आयुर्वेदिक कालेज मैदान पार्किंग या एनआईटी मैदान स्थित निर्धारित पार्किंग स्थल पर अपना वाहन पार्क कर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे।

उपलब्धि — छत्तीसगढ़ की बेटियों की उपलब्धियों पर हम सबको गर्व : सुश्री उइके

राज्यपाल 'कर्मयोगिनी सम्मान समारोह' में शामिल हुई

रायपुर/नवप्रदेश। मुझे छत्तीसगढ़ की बेटियों की उपलब्धियों पर गर्व है। यहां की बेटियों ने कला, साहित्य, विज्ञान, खेलकूद, पत्रकारिता, प्रशासन हर क्षेत्र में परचम लहराया है और अपने परिवार सहित प्रदेश का नाम रोशन किया है। वे कभी भी किसी चुनौतियों से न घबराएं और निरंतर आगे बढ़ते रहें। यह बात राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने कही। वे कर्मयोगिनी सम्मान कार्यक्रम में अपना उद्बोधन दे रही थीं। उन्होंने सम्मानित सभी बेटियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ एवं यहां की समस्त महिला शक्ति के लिए भी गर्व की बात है कि यहां पर एक महिला को राज्यपाल का दायित्व सौंपा गया।

सुश्री उइके आज इन बेटियों की उपलब्धियों और क्षमताओं से अभिभूत हो गईं और उन्होंने कहा कि मुझे आप सब पर गर्व है और मैं आप सबको राजभवन आमंत्रित करूंगी। उन्होंने स्वयं के संघर्ष को याद करते हुए कहा कि बेटियों और महिलाओं को हर क्षेत्र में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है लेकिन इससे हार नहीं माननी चाहिए और सफलता हासिल करने के लिए दोगुने जोश से जुट जाना चाहिए। राज्यपाल सुश्री उइके आज बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ संस्था द्वारा आयोजित सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर शामिल हुईं।

उन्होंने कहा कि यहां तक पहुंचने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, परन्तु उनकीसंघर्ष यात्रा में अच्छे लोग भी मिले, जिनसे अपनी तकलीफ साझा करती थी तो वे उनका उत्साहवर्धन करते थे। मैं महापुरूषों की जीवनी और प्रेरणादायी पुस्तकों का अध्ययन करती थी, जिससे निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली और आज मुझे छत्तीसगढ़ के राज्यपाल पद पर कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच के कारण वर्ष 2015 से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान प्रारंभ किया गया, जिसके सुखद परिणाम सामने आए। इसी का परिणाम है कि आज विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएं अपना परचम लहरा रही हैं। महिलाओं एवं बच्चियों की योग्यता और महत्व को समझते हुए हमारे पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी बाजपेयी द्वारा पहली बार जेण्डर आधारित बजट व्यवस्था को लागू किया था। इसी विचार सोच एवं नीति को आगे बढ़ाते हुए वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा भी महिला एवं बालिकाओं के हितों की योजनाओं को गति प्रदान कर रहे हैं।

राज्यपाल ने कहा कि मैंने जब से राज्यपाल पद का दायित्व संभाला मैंने यह प्रयास किया कि हर जरूरतमंद व्यक्तियों की बात सुनूं और समाधान के प्रयास करूं। मैंने राजभवन की लार्ड गवर्नर की अवधारणा को समाप्त किया और राजभवन को सभी के लिए खोलकर राजभवन को 'जनभवन' बना दिया।

कार्यक्रम को पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह एवं डॉ. राजेन्द्र फड़के ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव श्रीमती चंपादेवी पावले, पूर्व विधायक श्री श्रीचंद सुंदरानी, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ संस्था के संयोजक श्री अंजय शुक्ला, संस्था के पदाधिकारीगण एवं महिलाएं उपस्थित थीं।

संपादकीय

पाक की जीत पर भारत में जश्न

टी-20 वर्ल्ड कप के पहले मुकाबले में भारत को पड़ौसी देश पाकिस्तान के हाथों दस विकेट से करारी पराजय का सामना करना पड़ा। विश्वकप में भारतीय टीम ने पांच बार पाकिस्तान को पराजित किया था, पाकिस्तानी क्रिकेट टीम एक बार भी जीत नहीं पाई थी। छटवीं बार उसने भारत को हरा दिया। खेल में हार जीत लगी रहती है। पाकिस्तान की इस जीत पर पाकिस्तान में खुशी की लहर दौड़ गई जो स्वाभाविक है। आखिर उसने लंबे इंतजार के बाद भारत को हराने में कामयाबी हासिल की है। पाकिस्तान की टीम अच्छा खेली इसलिए जीत गई। भारतीय बल्लेबाजों ने बेहतर खेल नहीं दिखाया और न ही भारतीय क्रिकेट टीम के बॉलरों ने प्रभावी प्रदर्शन किया। ऐसा लगता है कि टीम इंडिया ने पाकिस्तान को हल्के में लेने की कोशिश की और इसी का खमियाजा उसे भुगतना पड़ा। वैसे इस मैच में टॉस ने भी बॉस की भूमिका निभाई। यदि भारत टॉस जीतता और पहले फिल्डिंग करने का फैसला लेता तो मैच का नतीजा निश्चित रूप से भारत के पक्ष में आता। बहरहाल खेल को खेल ही रहने दिया जाना चाहिए लेकिन पाकिस्तान के एक मंत्री ने पाकिस्तानी क्रिकेट टीम की जीत को इस्लाम की जीत बताकर विवाद खड़ा कर दिया। भारत में भी कश्मीर और दिल्ली सहित कई स्थानों पर भारत की हार और पाकिस्तान की जीत पर जश्न मनाया गया जो कतई उचित नहीं है। पाकिस्तान परस्त ऐसे लोगों को यह नहीं भूलना चाहिए कि वे हिन्दुस्तान के नागरिक है और उन्हे अपने देश की हार पर खुशी व्यक्त नहीं करनी चाहिए। कश्मीर में तो इन पाकिस्तान परस्त लोगों के जश्न पर वहां की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ति को कुछ भी आपत्तिजनक नहीं लगा। उन्होने जश्न मनाने वाले लोगों की पैरोकारी कर डाली। जब तक ऐसे आस्तिन के सांप हमारी छाती पर लोटते रहेंगे तब तक ऐसी घटनाएं होती रहेंगी। अब समय आ गया है कि ऐसे गद्दारों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएं। दरअसल भारत में भी ऐसे लोगों की कोई कमी नही है जो खाते हिन्दुस्तान का है और गाते पाकिस्तान का है। ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। रही बात इस मैच के दौरान भारतीय बॉलर मोहम्मद शमी के प्रदर्शन की तो उन्होने अपनी ओर से बढ़िया प्रदर्शन ही किया था लेकिन कुछ लोग उन्हे भी निशाना बना रहे है जो कदापि उचित नहीं है। मोहम्मद शमी की देशभक्ति पर सवालिया निशान नहीं लगाए जाने चाहिए, उन्होने भारतीय क्रिकेट टीम को ऊंचाईयों पर ले जाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पाकिस्तान के खिलाफ उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा तो इसे लेकर उनपर संदेह जताना ठीक नहीं है।

विचार

महामारी से उबरते दक्षिणी राज्य

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शनिवार को चेन्नई में एक सिटी बस में सवार होकर सवारियों को चौंका दिया। उन्होंने महिला यात्रियों से सिटी बस के उनके अनुभवों के बारे में पूछा, क्योंकि उनके लिए मुफ्त यात्रा योजना की घोषणा उन्होंने की है। स्टालिन अपनी सरकार के छठे 'मेगा टीकाकरण कैंप' का उद्घाटन करने जा रहे थे। इसके ठीक एक दिन बाद उनके स्वास्थ्य मंत्री ने घोषणा की कि राज्य की लगभग 70 फीसदी आबादी को कोरोना टीके की कम से कम एक खुराक दी जा चुकी है। दोनों खुराक पाने वालों का आंकड़ा 30 फीसदी है। टीकाकरण की दर बढ़ाने के लिए राज्य हर सप्ताह विशेष अभियान चला रहा है। शनिवार को ही राज्य सरकार ने सिनेमा हॉल, बार और बसों को शत-प्रतिशत क्षमता के साथ काम करने की अनुमति देते हुए कई ढील की घोषणा की। सप्ताह की शुरुआत में राज्य ने 1 नवंबर से कक्षा एक से लेकर कक्षा आठ तक बच्चों के लिए स्कूल खोलने की घोषणा की थी। यहां उच्च माध्यमिक कक्षाएं पहले से ही चल रही हैं। नर्सरी के बच्चों पर फिलहाल फैसला होना बाकी है। केरल भी 1 नवंबर से अपने प्राथमिक स्कूलों को खोल रहा है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के हालिया आंकड़े बता रहे हैं कि नई नौकरी सृजित करने के मामले में तमिलनाडु देश के शीर्ष तीन सूबों में शामिल है। यहां अगस्त महीने में 1.74 लाख लोगों को नौकरियां मिलीं। एक और दक्षिणी राज्य, जो तमिलनाडु के पीछे कदमताल कर रहा है, वह है कर्नाटक। तमिलनाडु में कोरोना के सक्रिय मामले भी कम हो रहे हैं। शुक्रवार को यहां यह संख्या 13,790 थी, जबकि कई जिलों में एकल अंकों में नए मामले दर्ज किए जा रहे हैं। इस गिरावट से स्टालिन में विश्वास पैदा हुआ है और उन्होंने तमाम गतिविधियों को चालू करने व अर्थव्यवस्था को संजीवनी देने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। चेन्नई और राज्य के अन्य तमाम प्रमुख शहरों के बाजार दीपावली की खरीदारी करने वालों से पट गए हैं। हालांकि, बहुत से लोग कोविड दिशा-निर्देशों का पालन नहीं कर रहे। न वे मास्क लगा रहे हैं और न उपयुक्त शारीरिक दूरी बरत रहे हैं। स्टालिन की बस की सवारी भी यही संकेत देने के लिए थी कि जनजीवन बेशक सामान्य हो सकता है, लेकिन लोग सावधानियों का पालन करने को लेकर सचेत रहें। कोरोना के मामले पड़ोसी राज्य केरल में भी कम हो रहे हैं, लेकिन उसकी गति बहुत धीमी है। रविवार को वहां सक्रिय मामलों की संख्या करीब 80,000 थी। मृत्यु दर अब भी वहां भारत में सबसे कम 0.58 प्रतिशत है। इसकी तुलना में उत्तर प्रदेश (जो आबादी के लिहाज से तमिलनाडु का तिगुना है) में केवल 94 सक्रिय मामले हैं। हालांकि, यहां मृत्यु दर 1.34 प्रतिशत है। महामारी विशेषज्ञों का कहना है कि केरल की स्थिति चिंताजनक नहीं है, क्योंकि वहां अस्पतालों पर बोझ डाले बिना मामले धीरे-धीरे कम हो रहे हैं। हालांकि, भाजपा के नेतागण इससे इत्तफाक नहीं रखते।

असंभव को संभव बनाने का नाम है रजनीकांत

योगेश कुमार गोयल

रजनीकांत आज दक्षिण भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े स्टार कहे जाते हैं और उनकी तुलना 20वीं सदी के महानायक अमिताभ बच्चन से की जाती है। उनकी खास तरह की डायलॉग डिलीवरी, अभिनय का चमत्कारिक अंदाज, परोपकारिता, अपार लोकप्रियता और करिश्माई व्यक्तित्व के बावजूद राजनीति में कदम रखने की हिचक जैसी अनेक बातें उन्हें असाधारण बनाती हैं। यूनिक डायलॉग डिलीवरी और बेबाक राजनीतिक वक्तव्यों के लिए विख्यात हो चुके रजनीकांत अपनी अपार लोकप्रियता के कारण ही कुछ वर्षों से राजनीति में पदार्पण करने की हिम्मत जुटा रहे थे और इसके लिए उन्होंने अपना एक संगठन भी बनाया था लेकिन खराब सेहत के कारण पिछले साल उन्होंने चुनावी राजनीति से पैर पीछे खींच लिए। उन्होंने 2002 में थ्रिलर फिल्म 'बाबा' बनाई थी, जिसे भारी नुकसान उठाना पड़ा था लेकिन जापान में वह फिल्म खूब चली। विगत कुछ वर्षों में एस शंकर, के एस रविकुमार, पा रंजीत, एआर मुरुगदास जैसे नए जमाने के फिल्म निर्देशकों ने 'शिवाजीः द बॉस', 'लिंगा', 'काला' और 'दरबार' जैसी फिल्मों में अपने हिसाब से रजनीकांत के अभिनयी जादू को बाहर निकाला।

दिल्ली में विज्ञान भवन में 25 अक्तूबर को आयोजित 67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू द्वारा सिनेमा जगत के 'थलाइवा' अभिनेता और दक्षिण भारत के सुपरस्टार रजनीकांत को 51वें दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने रजनीकांत को 67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में भारत का सर्वोच्च फिल्म सम्मान 'दादासाहेब फाल्के पुरस्कार' प्राप्त करने पर बधाई देते हुए कहा कि रजनीकांत न केवल एक महान् प्रतीक हैं बल्कि भारतीय सिनेमा की दुनिया के लिए एक संस्था हैं। रजनीकांत को यह पुरस्कार दिए जाने की घोषणा इसी वर्ष एक अप्रैल को की गई थी। 70 वर्षीय रजनीकांत ने अपना यह पुरस्कार अपने गुरू के. बालाचंद्र, अपने भाई सत्यनारायण राव तथा अपने बस ड्राइवर दोस्त राजबहादुर को समर्पित किया। दरअसल रजनीकांत को एक बस कंडक्टर से ग्लैमर की दुनिया में पहुंचाने का बहुत बड़ा श्रेय राजबहादुर को जाता है और रजनीकांत इस बात को वर्षों बाद भी नहीं भूले।

वर्ष 2019 के लिए भारतीय सिनेमा के इस सर्वश्रेष्ठ सम्मान के लिए रजनीकांत के नाम का चयन पांच ज्यूरी सदस्यों आशा भोंसले, मोहनलाल, विश्वजीत चटर्जी, शंकर महादेवन तथा सुभाष घई ने एकमत से किया था। सिनेमा जगत के किसी एक कलाकार को प्रतिवर्ष दादासाहेब फाल्के पुरस्कार के लिए चुना जाता है और विजेता को डायरेक्टरेट ऑफ फिल्म फेस्टिवल्स द्वारा राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में स्वर्ण कमल, शॉल तथा 10 लाख रुपये नकद पुरस्कार से नवाजा जाता है। अभी तक रजनीकांत सहित कुल 51 हस्तियों को यह पुरस्कार दिया जा चुका है। रजनीकांत करीब पांच दशकों से फिल्म जगत के बेताज बादशाह रहे हैं, जिन्होंने अपनी प्रतिभा, कड़ी मेहनत और लगन से लोगों के दिलों में जगह बनाई है और आज फिल्म जगत में सूरज की तरह चमक रहे हैं। तमिलनाडु में तो उनके प्रशंसक उन्हें अपना 'भगवान' मानते हैं, जहां आदर से उन्हें 'थलाइवा' (नेता) कहा जाता है।

रजनीकांत की किसी नई फिल्म की घोषणा हो या उनका जन्मदिन, वह अवसर उनके प्रशंसकों के लिए त्यौहार जैसा होता है। अक्सर देखा जाता रहा है कि कैसे उनके प्रशंसक उनके पोस्टरों को दूध में नहलाते हैं, कुछ उनके कटआउट पर फूलमालाएं लादते हैं तो कुछ मूर्ति बनाकर उनकी पूजा करते हैं। उनकी फिल्म रिलीज होते ही उसका पहला शो देखने के लिए कैसे सिनेमाघरों के बाहर रात से ही दर्शकों की कतारें लगती रही हैं, ये तस्वीरें भी अक्सर देखी गई हैं। उनकी सफलता को देखते हुए उनके बारे में कहा जाता है कि असंभव को संभव बनाने का नाम ही रजनीकांत है। रजनीकांत ने अभिनय की अलग शैली तथा अदाकारी का नया स्टाइल विकसित कर उसे इस कदर लोकप्रिय बनाया कि वह 'रजनीकांत स्टाइल' के नाम से विख्यात हो गया। सिगरेट और चश्मे को अपने ही अंदाज में उछालने और पकड़ने की उनकी अदाकारी सिनेप्रेमियों के बीच उनकी विशिष्ट पहचान बन गई। उन्हें वास्तविक जीवन में कभी भी कृत्रिम तरीके से हुलिया नहीं बदलने और कम होते बालों को भी कभी नहीं छिपाकर सहजता से रहने के लिए जाना जाता है। फिल्मी दुनिया में एक्शन हीरो के रूप में उभरने से पहले रजनीकांत बेंगलुरू में कुली और फिर बस कंडक्टर का काम

करते थे लेकिन बस में उनका टिकट काटने का स्टाइल बिल्कुल अनोखा था। अपने उसी अंदाज को लेकर वे लोगों के बीच काफी तेजी से लोकप्रिय होने लगे। उनकी उसी खासियत को भांपकर उनके ड्राइवर साथी राजबहादुर ने उन्हें फिल्मों में अभिनय के लिए न सिर्फ प्रेरित किया बल्कि इस कार्य में उनका हरसंभव सहयोग भी किया। राजबहादुर द्वारा प्रोत्साहित करने पर उन्होंने मद्रास फिल्म संस्थान से अभिनय का पाठ्यक्रम किया और आखिरकार एक तमिल फिल्म प्रोड्यूसर ने रजनीकांत को अपनी फिल्म में मौका दे दिया और चॉकलेटी चेहरा नहीं होने के बावजूद रजनीकांत ने अपनी एक्टिंग से बड़े पर्दे पर ऐसा शमां बाधा कि करोड़ों दर्शक उनके अभिनय के मुरीद हो गए। आज वे देश के सर्वाधिक महंगे फिल्मी हीरो में से एक हैं, जिन्होंने वर्ष 2019 में एक फिल्म में काम करने के लिए 81 करोड़ रुपये पारिश्रमिक लेकर रिकॉर्ड बनाया था।

निम्न मध्यमवर्गीय मराठा परिवार में 12 दिसम्बर 1950 को जन्मे रजनीकांत के कैरियर की शुरूआत वर्ष 1975 में के. बालाचंद्र द्वारा निर्देशित तमिल फिल्म 'अपूर्व रंगांगल' से हुई थी। उस फिल्म में कमल हासन और श्रीविद्या जैसे बड़े सितारे मुख्य भूमिका में थे। कैरियर के शुरूआती दौर में उन्होंने फिल्मों में कई नकारात्मक किरदार निभाए। उसके बाद उन्होंने 'कविक्कुयिल', 'सहोदरारा सवाल' (कन्नड) और 'चिलकम्मा चेप्पिंडी' (तेलुगू) में सकारात्मक पात्रों का अभिनय किया। 1976 में जाने-माने तमिल फिल्म निर्देशक बालाचंद्र की फिल्म 'मुंडरू मुडिचू' से उन्हें सफलता मिली और फिल्म 'भुवन ओरु केल्विकुरी' में पहली बार हीरो की भूमिका में नजर आए। 'बिल्लू' नामक उनकी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट होने के बाद वे खासतौर से लोगों की नजरों में आए। 1980 के आखिर तक रजनीकांत दक्षिण भारत की सभी भाषाओं की फिल्मों में काम कर तमिल सिनेमा में अपना नाम स्थापित कर चुके थे। 'बिल्लू' के अलावा 'मुथू', 'बाशहा', 'शिवाजी', 'एंथीरन', 'काला' इत्यादि कई सुपरहिट फिल्मों में काम कर वे दक्षिण भारत के बड़े स्टार बन गए। वर्ष 1983 में उन्होंने अपनी पहली हिन्दी फिल्म 'अंधा कानून' से बॉलीवुड में भी कदम रखा। उसके बाद तो उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और लगातार सफलता की सीढ़ियां चढ़ते गए। बॉलीवुड में उन्होंने 'हम', 'अंधा कानून', 'भगवान दादा', 'आतंक ही आतंक', 'चालबाज', 'बुलंदी' इत्यादि कई सुपरहिट फिल्में दी।

रजनीकांत आज दक्षिण भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े स्टार कहे जाते हैं और उनकी तुलना 20वीं सदी के महानायक अमिताभ बच्चन से की जाती है। उनकी खास तरह की डायलॉग डिलीवरी, अभिनय का चमत्कारिक अंदाज, परोपकारिता, अपार लोकप्रियता और करिश्माई व्यक्तित्व के बावजूद राजनीति में कदम रखने की हिचक जैसी अनेक बातें उन्हें असाधारण बनाती हैं। यूनिक डायलॉग डिलीवरी और बेबाक राजनीतिक वक्तव्यों के लिए विख्यात हो चुके रजनीकांत अपनी अपार लोकप्रियता के कारण ही कुछ वर्षों से राजनीति में पदार्पण करने की हिम्मत जुटा रहे थे और इसके लिए उन्होंने अपना एक संगठन भी बनाया था लेकिन खराब सेहत के कारण पिछले साल उन्होंने चुनावी राजनीति से पैर पीछे खींच लिए। उन्होंने 2002 में थ्रिलर फिल्म 'बाबा' बनाई थी, जिसे भारी नुकसान उठाना पड़ा था लेकिन जापान में वह फिल्म खूब चली। विगत कुछ वर्षों में एस शंकर, के एस रविकुमार, पा रंजीत, एआर मुरुगदास जैसे नए जमाने के फिल्म निर्देशकों ने 'शिवाजीः द बॉस', 'लिंगा', 'काला' और 'दरबार' जैसी फिल्मों में अपने हिसाब से रजनीकांत के अभिनयी जादू को बाहर निकाला। इस समय वह 'अन्नाती' फिल्म पर काम कर रहे हैं। भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किए जाने से पहले उन्हें पद्म भूषण और पद्म विभूषण सम्मानों के अलावा फिल्म जगत के अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

गृहमंत्री अमित शाह के कश्मीर दौरे के मायने

राजेश माहेश्वरी

इसमें कोई दो राय नहीं है कि पिछले 26 महीनों में कश्मीर में विकास की लहर बड़ी तेजी से बह रही है। एक नये कश्मीर का उदय हो रहा है, जिसमें विकास और अमन-चैन मुख्य तत्व हैं। असल में कश्मीर पिछले कई दशकों से आंतक की मार झेल रहा है। गृहमंत्री का दावा है कि 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 खत्म करने के बाद 12,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश जम्मू-कश्मीर में हो चुका है। लक्ष्य 50,000 करोड़ रुपए का है। हाल ही में, बुनियादी ढांचे के विकास के लिए जम्मू और कश्मीर और दुबई के बीच एक एमओयू हुआ था। भारत की कश्मीर नीति को लेकर भारत को कोसने के लिए इस्लामिक राष्ट्रों के बीच पाकिस्तान के अथक अभियान के मद्देनजर एमओयू को मोदी सरकार की एक बड़ी कूटनीतिक सफलता के रूप में देखा जा रहा है।

गृहमंत्री अमित शाह का कश्मीर दौरा कई मायनों में खास हैं। असल में जम्मू-कश्मीर से धारा-370 और अनुच्छेद-35 हटने के करीब 26 माह बाद केंद्रीय गृहमंत्री का यह पहला कश्मीर दौरा है। बीते ढाई साल से ज्यादा के वक्त में कश्मीर और कश्मीरियों ने बहुत कुछ नया देखा और अनुभव किया। मोदी सरकार कश्मीर में विकास को नये सिरे से परिभाषित कर रही है। कश्मीर में अमन-चैन को बहाल करने, नागरिकों को देश की मुख्यधारा में शामिल करने से लेकर वो तमाम उपाय किये जा रहे हैं, जिससे कश्मीर का पुराना वैभव और रौनक वापस लौट सके। सही मायनो में एक नये कश्मीर का उदय होता दिख रहा है।

चिंता की बात यह है कि पिछले कुछ समय से घाटी में आंतक दोबारा से सिर उठाने लगा है। और गृहमंत्री की यात्रा ऐसे समय में हुई है जब भारतीय सेना जम्मू-कश्मीर के पुंछ-राजौरी इलाके में सबसे बड़े तलाशी अभियानों में जुटी है। भारतीय सेना प्रमुख एमएम नरवणे ने इस सप्ताह की शुरुआत में कश्मीर घाटी का दौरा किया था, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के खिलाफ चैतरफा अभियान शुरू किया। इन अटकलों के बीच कि मोदी सरकार उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोवा में चुनाव के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव करा सकती है, अमित शाह की यात्रा का राजनीतिक महत्व बढ़ गया है।

इसमें दो राय नहीं है कि वर्ष 2019 में कश्मीर से धारा-370 और अनुच्छेद-25 खत्म करते वक्त मोदी सरकार के सामने आंतकवाद को खत्म करना सबसे बड़ी चुनौती थी। गृहमंत्री ने अपने दौरे के दौरान सुरक्षा बलों के अधिकारियों के साथ करीब पांच तक मीटिंग कर ये जानने की कोशिश की आतंकी अल्पसंख्यकों और गैर-कश्मीरियों को आसान निशाना बनाने में कामयाब क्यों और कैसे हो रहे हैं? जाहिर है कि विचार-विमर्श के उन घंटों में कोई रणनीति जरूर तय हुई होगी! आतंकवाद के घुटने कैसे तोड़े जा सकते हैं, यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा, लेकिन गृहमंत्री ने आम कश्मीरियों और खासकर युवाओं को विकास की मुख्यधारा

से जोड़ने के आह्वान किए हैं।

गृहमंत्री कश्मीर के हवाई अड्डे पर उतरे और सीधे नौगाम में शहीद इंस्पेक्टर परवेज अहमद डार के घर पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दी। उन्हें भरोसा दिलाया कि समूचा देश उनके साथ खड़ा है। शहीद की विधवा पत्नी को उन्होंने सरकारी नौकरी का नियुक्ति-पत्र भी सौंपा। गृहमंत्री ने ऐसे कई शोक-संतप्त परिवारों के आंसू पोंछे। गृहमंत्री शोक संतप्त परिवारों से जिस विनम्रता और आत्मीयता से मिले, उसकी देशभर में प्रशंसा हो रही है। शहीद इंस्पेक्टर परवेज अहमद डार के परिवार से मिलते वक्त का फोटो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। शहीद के परिवारीजनों से मिलते वक्त गृहमंत्री की बॉडीलैंग्वेज अपने आप सब कुछ बयान करती है कि गृहमंत्री के दिल में शहीदों के प्रति कितनी श्रद्धा और सम्मान है।

गृहमंत्री का फोकस युवाओं पर है। उन्होंने कहा कि वह युवाओं से दोस्ती करने आए हैं। जम्मू-कश्मीर में युवा क्लब बन रहे हैं। ऐसे ज्यादातर क्लब ग्रामीण अंचलों में हैं। सरकार उन्हें 25,000 रुपए की आर्थिक मदद भी देती है, ताकि युवा शिक्षा, विकास, सामाजिक-राष्ट्रीय योजनाओं और खेल के क्षेत्रों में अपनी सक्रियता बढ़ाएं। बेशक यह एक सकारात्मक प्रयास है। एक औसत नौजवान के हाथ भरे होंगे, तो पत्थरबाजी अतीत बनकर रह जाएगी। आतंकी गुट उन्हें बरगला कर आतंकी नहीं बना सकेंगे। गृहमंत्री ने क्लबों के युवाओं से संवाद भी किया। दावा यह भी है कि आतंकवाद में युवाओं की शिरकत 40 फीसदी घटी है। आतंकवाद का विस्तार और घटनाएं भी 60 फीसदी कम हुई हैं। युवा खेलों से जुड़ रहे हैं। खेलों से सकारात्मक भावनाएं पैदा होती हैं। इन सबके मिले-जुले प्रयास से जम्मू-कश्मीर के विकास को रफ्तार मिली है। यही रफ्तार अमन के दुश्मनों को खटकने लगती है और वे अपने 'नापाक' मंसूबों के साथ युवाओं को बरगलाने के अभियान में लग जाते हैं। गृहमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि, नए कश्मीर की शुरुआत हो रही है, हम 70 फीसदी युवाओं को विकास से जोड़ेंगे, लेकिन कोई भी परिवर्तन युवाओं के बिना संभव नहीं है। उन परिवारों और नेताओं की सुनना अब बंद कर दें, जो कश्मीर पर शासन करते रहे हैं, लेकिन पाकिस्तान और तालिबान की भाषा बोलते हैं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बारिश आई कर

बारिश आई कर गई खड़ी फसल बर्बाद। शासन में किससे कहाँ करे कृषक फरियाद करे कृषक फरियाद ,न कोई सुनने वाला। लदा शीश पर कर्ज, हाथ से छिना निवाला। जोड़े हाथ किसान, करे बस यही गुजारिश मत करना भगवान,कभी भी इतनी बारिश।

- डॉ बिपिन पाण्डेय

रात चादर

रात चादर में लिपट कर मुस्कराती आगई ओढ़ चूनर जुगनुओं की टिमटिमाती आगई । चाँदनी भी सो गई लग चंद्रमा के वक्ष से , संग लेकर सब सितारे ,झिलमिलाती आगई भारती के लाडलों के भाल पर करने तिलक दीपकों का थाल लेकर ,जगमगाती आ गई । बेटियों की वीरता और हौंसले को देख कर , राह में मोती बिछाने, चहचहाती आगई । इस निराली रात की अनुपम छटा को देख कर , गीतिका ले मंच पर , मैं गुनगुनाती आ गई।

- चंद्र लता यादव

खास पाती

चांद से मिलती नज़र आधा

चाँद से मिलती नज़र , आधा इधर आधा उधर प्यार का होता असर , आधा इधर आधा उधर दिल परिंदा हो गया , उड़ने लगा है आस्माँ मैं मुहब्बत का शजर , आधा इधर आधा उधर तितलियाँ मड़रा रहीं , आगे कभी पीछे कभी ये चमन मेरा है घर , आधा इधर आधा उधर मुफ़लिसी के धूप में , झुलसी हमारी ज़िन्दगी है बहुत मुश्किल डगर , आधा इधर आधा उधर साक़िया मुझको पिला दे , आज नज़रों से ज़रा छोड़कर आया सफ़र , आधा इधर आधा उधर चल रही झूटी बहस , मुंसिफ़ को रिश्वत चाहिये है बहुत इल्ज़ाम सर , आधा इधर आधा उधर इश्क़ में मजनूँ बना तो , हाल ऐसा हो गया फेंका कुर्ता फाड़कर , आधा इधर आधा उधर जुस्तजू 'ऐनुल' खुशी की आज भी करता हूँ मैं ज़िन्दगी होती बसर , आधा इधर आधा उधर।

- 'ऐनुल' बरौलवी

कैलेंडर के पन्ने पलटते जाते

कैलेंडर के पन्ने पलटते जाते तारिखों के सफर पर दोपहर ,शाम ,रात के पहिये घूम रहे मगर जिंदगी का एक मोड़ पर ठहर जाना क्या होता है कि एक शहर का बीत जाना उस एक दीवार पर प्रेम की तरह मुस्कुराती तस्वीर में कैद हो जाना सारी मन्नतों का एक हिंचकि में बिखर जाना एक ऐसा शहर मेरा शहर मुंबई।

- पुष्पा त्रिपाठी 'पुष्प'

साथ तेरा ए जिंदगी, बता

साथ तेरा ए जिंदगी, बता कैसे निभाऊँ मैं। न मंजिल है न ही रस्ता, कदम कैसे बढ़ाऊँ मैं। दिये कुछ ज़ख्म जो तूने, बने नासूर जीवन के दवा ने नाम खुद को ही, ज़हर कैसे पिलाऊँ मैं।

- रजनी रामदेव

खुले हैं खिड़कियां तूफान आने

खुले हैं खिड़कियां तूफान आने वाले हैं। सुना है चरागों के इम्तिहान वाले है।। थोड़ी दूर और चलो खत्म होती है जमीन। उस तरफ से कई आसमान आने वाले हैं। मिट्टी ना ढूंढ यहां ये तेरा गांव नहीं शहर है। पत्थर का चेहरा लिए मकान आने वाले हैं।। जितनी जल्दी हो तय करो मुझ तक सफर। सुना है कुछ लोग हमारे दरमियान आने वाले हैं। -कमलकांत डोंगरे

जिन्दगी कभी प्यारी तो कभी बेचारी

जिन्दगी कभी प्यारी तो कभी बेचारी सी दिखी, कभी जीती,कभी हारी लगी, कभी गम तो कभी खुशी की मारी लगी, नीले गगन की छाँव में गये, नजदीक से देखा तो, जिन्दगी बहुत बेचारी सी लगी, खुशी के नशे में झूमते रहे, ख्वाब टूटा तो बेचारी सी लगी, ख्वाबों में जिन्दगी बहुत प्यारी सी दिखी, ख्वाब टूट ते ही जिन्दगी बहुत बेचारी सी दिखी, रात थी सुहाग की फिर भी जिन्दगी क्वाँरी सी दिखी, रस्ते बीरान थे ,फिर भी मंजिल बहुत प्यारी सी दिखी, मिटाने वाली थी जाँ-नशीं मेरी, फिर भी वो प्यारी सी दिखी, हम तो थे बाँग-बां के माली , तभी फूल से प्यारी ,क्यारी दिखी!!

- पंकज मिश्र

गौर करने वाली व सीख लेने वाली बात- आर्यन खान की फ्रैंड लिस्ट

गौर करने वाली व सीख लेने वाली बात- आर्यन खान की फ्रैंड लिस्ट पर नजर डालें; जया बच्चन की नातिन नव्या नवेली नंदा, चंकी पांडे की बेटी अन्नया पांडे, अनिल कपूर की भतीजी संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर व वरून धवन की भांजी अंजलि धवन! और आर्यन खान की रेवपार्टी में सभी लडकियाँ हिंदू थी। मजाल है एक भी मुसलमान लड़की ऐसी हिम्मत/हिमाकत कर सके!

- सीमा राय द्विवेदी

QUIZ TIME

1) नौकुचियाताल नामक झील भारत के किस राज्य में अवस्थित है?

2) भारतीय संविधान में कितनी विधियों के द्वारा संशोधन किया जा सकता है?

3) भारत में कितनी फसलों के लिए एमएसपी की घोषणा की जाती है? (22 / 24 / 28)

4) जुलाई, 2021 में किस वित्तीय सेवा प्रदाता कम्पनी ने पोस्टपेड मिनी नामक नया उत्पाद लॉन्च किया?

5) 1857 की क्रान्ति को किसने भारत का प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम कहा था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) उत्तराखण्ड (2) 3 (3) 22 (4) पेटीएम (5) विनायक दामोदर सावरकर

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1795 - अमेरिका और स्पेन ने पिंकनी संधि पर हस्ताक्षर किए1 1811- सिलाई मशीन का अविष्कार करने वाले आइजक मेरिट सिंगर का जन्म1 1920 - भारत के 10वें राष?ट्रपति के. आर. नारायण का जन?म1 1952 - प्रसिद्ध भजन गायिका अनुराधा पौडवाल का जन्म 1 1978 - मिस्र के अनवर सादात और इजराइल के मेनाखेम बेगिन को शांति स्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देने पर नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया1 1995 - यूक्रेन के कीव क्षेत्र में स्थित चेरनोबिल परमाणु संयंत्र को कुछ सुरक्षा संबंधी खामियों के कारण पूर्णतः बन्द किया गया1 2004 - अमेरिका में बोस्टन की पेशेवर बेसबॉल टीम द बोस्टन रेड सॉक्स ने 86 बरस में पहली बार विश्व श्रृंखला जीती1 2017 : कातालूनिया की संसद ने स्पेन से आजादी संबंधी प्रस्ताव को मंजूर किया।

मनोज बाजपेयी मायबिलबुक के ब्राण्ड एम्बेसेडर बनाए गए

मनोज बाजपेयी अगले एक साल तक सभी मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इस ब्राण्ड के 'बिजनेस को लो सीरियसली' कैम्पेन में नजर आएंगे

नई दिल्ली। भारतीय एसएमबी के लिये तेजी से बढ़ रहे नियोबैंक फ्लोबिज़ ने आज पद्मश्री विजेता अभिनेता मनोज बाजपेयी के साथ साझेदारी करने की घोषणा की है। बेंगलुरू स्थित इस फिनटेक का लक्ष्य एसएमबी सेक्टर में अपनी पहुँच को बढ़ाना और अपने फ्लैगशिप प्रोडक्ट मायबिलबुक को अपनाये जाने में तेजी लाना है। मायबिलबुल इस्तेमाल में आसान एक जीएसटी बिलिंग एवं अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर है और मनोज बाजपेयी इसके ब्राण्ड एम्बेसेडर हैं। गठजोड़ पर अपनी बात रखते हुए, जाने-माने बॉलीवुड अभिनेता ने कहा, ÷हम रोजाना जिन उत्पादों एवं सेवाओं का उपभोग करते हैं, उनमें से ज्यादातर की पेशकश हमारे देश के छोटे और मझोले बिजनेस द्वारा की जाती है। हालांकि, समर्पित डिजिटल टूल्स और फाइनेंशियल सर्विसेस के मामले में यह एसएमबी ऐतिहासिक रूप से कम सेवा प्राप्त करते रहे हैं। और इसलिये, मैं एसएमबी के विकास को तेज करने के फ्लोबिज़ के मिशन से निजी तौर पर बहुत प्रभावित हुआ, क्योंकि वे अपने प्रोडक्ट मायबिलबुक के जरिये तकनीकी समाधान और तैयार सेवाएं दे रहे हैं। खासकर कोविड-19 महामारी के बाद से व्यावसायों के लिये डिजिटल बनने की जरूरत सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई है और मायबिलबुक इस जरूरत को पूरा करने के लिये सबसे सटीक एप्लीकेशंस में से एक है।'' फ्लोबिज़ के को-फाउंडर और सीईओ राहुल राज ने कहा, ÷बिजनेस को लो सीरियसली' कैम्पेन मायबिलबुक ब्राण्ड को प्रासंगिक और भरोसेमंद बनाने की दिशा में हमारा पहला कदम है। यह कैम्पेन देश के महत्वाकांक्षी व्यवसाय मालिकों पर लक्षित है। अपने मिशन के प्रचार के लिये हम श्री मनोज बाजपेयी के साथ साझेदारी करके बहुत उत्साहित हैं। इस तरह, हम अगले एक साल तक छोटे कारोबारी समुदाय को अपने मिशन और इस उत्पाद के मूल्य प्रस्ताव के बारे में बतायेंगे। मनोज का करिश्मा और लोगों के बीच उनका आकर्षण और साधारण-सी शुरूआत के बाद आलोचकों से भी तारीफपाने तक का उनका प्रेरक सफर निश्चित रूप से एसएमबी को अपने से मिलता-जुलता लगेगा। इतने प्रतिभाशाली कलाकार के साथ हमारी टीम को काम करने में बहुत आनंद आया।



गणपत में टाइगर श्राफ के पिता का किरदार निभायेंगे अमिताभ बच्चन!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन सिल्वर स्क्रीन पर टाइगर श्राफ के पिता का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं।

टाइगर श्रॉफ इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'गणपत' को लेकर चर्चा में हैं। विकास बहल के निर्देशन में बन रही फिल्म 'गणपत' में टाइगर श्रॉफ के साथ कृति सैनन भी अहम किरदार में नजर आने वाली हैं। चर्चा है कि इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ के पिता का किरदार अमिताभ बच्चन निभाते नजर आ सकते हैं।

बताया जा रहा है कि टाइगर श्रॉफफिल्म 'गणपत' में एक बॉक्सर की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म में दिखाया जाएगा कि उनके ऑनस्क्रीन पिता भी अपने शुरुआती दिनों में एक बॉक्सर थे। यदि सब कुछ सही रहा तो अमिताभ बच्चन और टाइगर श्रॉफपहली बार ऑनस्क्रीन बाप-बेटे की भूमिका में दिखाई देंगे।

जॉन की फिल्म 'सत्यमेव जयते 2' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के माचो मैन जॉन अब्राहम की आने वाली फिल्म 'सत्यमेव जयते 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है।

सत्यमेव जयते को मिली अपार सफलता के बाद फिल्म मेकर्स अब फिल्म का सीक्वल 'सत्यमेव जयते 2' लेकर आ रहे है। सत्यमेव जयते 2 में जॉन अब्राहम और दिव्या खोसला कुमार ने मुख्य भूमिका निभायी है। फिल्म 'सत्यमेव जयते 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'सत्यमेव जयते 2' में जॉन ट्रिपल रोल में नजर आयेंगे। मिलाप झावेरी ने बताया, ÷जॉन फिल्म में ट्रिपल रोल में नजर आएंगे। इसमें उनके नाम सत्या, जय और दादा साहब आजाद है। सत्या पॉलिटिशियन है और जय पुलिस ऑफिसर, दोनों सगे भाई हैं। वह अपने पिता दादा साहब आजाद के भारत को भ्रष्टाचार से मुक्त करने का सपना अपने अपने तरीके से पूरा करने में जुटे हुए हैं।



सैफ और रानी मुखर्जी की फिल्म 'बंटी और बबली 2' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान और रानी मुखर्जी की आने वाली फिल्म 'बंटी और बबली' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। वर्ष 2005 में प्रदर्शित फिल्म 'बंटी और बबली' में रानी मुखर्जी, अभिषेक बच्चन, अमिताभ बच्चन ने मुख्य भूमिका निभायी थी। बंटी और बबली के सीक्वल में रानी मुखर्जी, सैफ अली खान, शरवरी बाघ और सिद्धांत चतुर्वेदी लीड रोल में नजर आयेंगे। बंटी और बबली 2 का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है।ट्रेलर में दिखाया गया है कि ऑरिजिनल बंटी और बबली सभी बुरे कामों को छोड़कर एक आम परिवार की तरह जिंदगी गुजार रहे हैं। बंटी रेलवे के एक टिकट कलेक्टर हैं जबकि बबली फुरसतगंज की एक फैशन डिजाइनर बन चुकी है। आम जिंदगी बिता रहे बंटी और बबली को एक दिन अचानक पुलिस ये कहते हुए अरेस्ट कर लेती है कि उन्होंने दोबारा लोगों को लूटना शुरू कर दिया है। दोनों अपने नाम से होती चोरियों से परेशान होकर नकली बंटी और बबली की तलाश में दोबारा बंटी और बबली बनकर काम करने लगते हैं। ट्रेलर में रानी और सैफके कई अलग-अलग रूप दिखाए गए हैं। बंटी और बबली 2 19 नवंबर को रिलीज होगी।

ऑस्कर की रेस से बाहर हुई विक्की कौशल की Sardar Udham

नई दिल्ली। विक्की कौशल की फिल्म 'सरदार उधम' हाल ही में रिलीज हुई है। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों की ओर से बेतहाशा प्यार मिला है। इस फिल्म से जुड़े लोगों को बीते दिनों ही बड़ा झटका लगा है जब फिल्म फेडरेशन ऑफइंडिया ने इसे ऑस्कर की एंट्री से बाहर कर दिया था। अब फिल्म फेडरेशन ऑफइंडिया की जूरी की ओर से ये बात सामने आई है कि आखिर 'सरदार उधम' को ऑस्कर एंट्री से बाहर क्यों किया है? जूरी मेंबर का कहना है कि विक्की कौशल की इस फिल्म में अंग्रेजों के प्रति काफी घृणा दिखाई गई है और इसी वजह के चलते ऐसा फैसला लिया गया है। फिल्म में विक्की कौशल के अलावा स्टीफन होगन, बनिता संधू, अमोल पाराशर और शॉन स्कॉट ने अहम रोल निभाया है।

न्यूज गैलरी

हमारे खिलाड़ियों को खुद को मानसिक रूप से तैयार करना होगा :कोएत्जर

शारजाह (वार्ता)। स्कॉटलैंड के कप्तान काइल कोएत्जर ने अफगानिस्तान से कल मिली 130 रन की बड़ी हार के बाद कहा कि साफ तौर पर यह हमारे लिए एक अच्छा दिन नहीं था। कोएत्जर ने मैच के बाद कहा,''गेम के इस स्टेज तक पहुंचने के लिए हमने काफी बढ़िया क्रिकेट खेला है। मैं चाहता हूं कि हमारे खिलाड़ी होटल में वापस जाएं और खुद को मानसिक रूप से अगले मैच के लिए बेहतर तरीके से तैयार करें। मुझे विश्वास है कि अगले मैच में हमारे खिलाड़ी बढ़िया प्रदर्शन करेंगे।'' कप्तान ने कहा,''पिच थोड़ा ट्रिकी था और अफ़ग़ानिस्तान की टीम भी बेहतरीन है। हमारे गेंदबाज़ों ने फ़ील्ड उनके बल्लेबाज़ों के ख़िलाफ़ बढ़िया तरीके से संघर्ष किया। वॉट ने ख़ास तौर पर बढ़िया गेंदबाज़ी की।

राशिद और मुजीब विश्व के बेहतरीन गेंदबाजों में से एक :नबी

शारजाह (वार्ता)। अफगानिस्तान के कप्तान मोहम्मद नबी ने सोमवार को स्कॉटलैंड के खिलाफ 130 रन से बड़ी जीत हासिल करने के बाद कहा कि हमारा यही प्लान था कि हम पहले बल्लेबाज़ी करें और विपक्षी टीम के सामने एक बड़ा स्कोर खड़ा करें।

नबी ने मैच के बाद कहा,''हमारे सलामी बल्लेबाज़ों ने टीम को पावरप्ले में बढ़िया शुरुआत दिलायी। गुरबाज़ और जादरान ने जिस तरीके से स्ट्राइक रोटेट किया वह तारीफ योग्य है। हर किसी को पता है कि राशिद और मुजीब विश्व के बेहतरीन गेंदबाज़ों में से एक हैं। हमारी टीम में कई अच्छे खिलाड़ी है और मुझे उम्मीद है कि हम आगे भी ऐसे ही जीतते रहेंगे।

ऐस क्रिकेट अकैडमी की जीत में चमके सार्थक व अभिराज

नई दिल्ली (वार्ता)। मैन ऑफद मैच सार्थक (3/18) की शानदार गेंदबाजी व अभिराज गगन सिंह के 40 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से बने 52 रनों की बदौलत ऐस क्रिकेट अकैडमी (135/3) ने पांचवें अंडर 14 ऐस क्रिकेट टूर्नामेंट में आरबिन क्रिकेट अकैडमी (131/9) को सात विकेट से हराकर पूरे अंक हासिल किये ।

आरबिन क्रिकेट अकैडमी की ओर से अबीर नागपाल ने 70 रनों की पारी खेली ।

अमेजन डॉट इन ने धनतेरस स्टोर का किया ऐलान

रायपुर। आपकी खरीदारी सोना-चांदी, सिक्के और आभूषण से लेकर पूजा के सामान, इलेक्ट्रॉनिक्स, होम डिकोर, एसेसरीज, डिजिटल गोल्ड आदि की सभी जरूरतों को पूरा करने के लिए वन स्टॉप डेस्टिनेशन धनतेरस के शुभ अवसर से पहले अमेज़न डॉट इन ने आज अपने धनतेरस स्टोर का ऐलान किया है जो सोना और चांदी के सिक्कों त्योहारी आभूषण इलेक्ट्रॉनिक्स पूजा के सामान होम डिकोर बड़े अप्लायंसेज स्मार्टफोन एसेसरीज अमेजन डिवाइस डिजिटल गोल्ड आदि विशेष रूप से चुने गए उत्पादों के व्यापक विकल्प आपके सामने रखता है।

अमेज़न डॉट इन धनतेरस स्टोर हर किसी को घर के आराम की विशेष जरूरतों के अनुरूप लाखों उत्पादों की पेशकश करता है जिसकी उन्होंने आगामी त्योहारों के लिए योजना बनाई है। ग्राहक मालाबार गोल्ड और हीरों कैंडेरे बाई कल्याण ज्वैलर्स हेर्सेज फैशन ड्रीम बीबा मान्यवर मेबिलाइन, सोनी, वन प्लस, प्रेस्टीज, फेरेरो रोशेर, हैप्पिलो जैसे अग्रणी ब्रांडों से उत्पादों का चयन कर सकते हैं। बड़े ब्रांडों के अलावा धनतेरस स्टोर बेहतर मूल्य और सुविधा के साथ उभरते हुए छोटे और मझोले उपक्रमों के हजारों उत्पादों के सबसे बड़े सलेक्शन की पेशकश भी करेगा। घर के लिए त्योहार की सजावट से जुड़े उत्पादों से लेकर इथनिक वियर तक से, छोटे भारतीय उपक्रमों से, ग्राहक अपने सबसे बेहतरीन उत्पादों की खोज कर सकते हैं जिनकी पेशकश पूरे भारत भर से विक्रेताओं द्वारा की जा रही है। इसके अलावा, धनतेरस के शुभ अवसर को मनाने के लिए, अमेजन पे 20 अक्टूबर से 2 नवंबर तक अपने सभी ग्राहकों को डिजिटल गोल्ड पर कैशबैक की पेशकश करेगी। अमेज़न डॉट इन पर डिजिटल गोल्ड की खरीद पर सभी प्राइम मेंबर 5 प्रतिशत कैशबैक जबकि नॉन प्राइम मेंबर 3 प्रतिशत कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं। इस फेस्टिव सीजन के आदर्श उपहार के रूप में ग्राहक अपने प्रियजनों को तुरंत गोल्ड वाउचर्स भी भेज सकते हैं और जोस अलुक्कास जॉय अलुक्काज पीसीजे कल्याण ज्वेलर्स आदि अपने पसंदीदा ब्रांडों से 5 प्रतिशत तक छूट हासिल कर सकते हैं। वे अपने घरों पर सुरक्षा और सुविधा के साथ 2000 रुपये तक के गिफ्ट कार्ड भी भेज सकते हैं और 200 रुपये का कैशबैक हासिल कर सकते हैं।

एसईसीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021 उद्घाटित

बिलासपुर। भारत सरकार के निर्देशानुसार एसईसीएल मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों में दिनांक 26 अक्टूबर 2021 से 01 नवंबर 2021 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। आज दिनांक 26 अक्टूबर 2021 को एसईसीएल मुख्यालय प्रशासनिक भवन सीएमडी सभाकक्ष में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री ए.पी. पण्डा ने सतर्कता जागरूकता शपथ का वाचन किया जिसे समस्त उपस्थितों ने दोहराया। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का थीम ''स्वतंत्र भारत /75 : सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता'' है।

कार्यक्रम के आरंभ में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री ए.पी. पण्डा, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री बी.पी. शर्मा, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री एम.के. प्रसाद, निदेशक (वित्त सह कार्मिक) श्री एस.एम. चौधरी, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री एस.के. पाल द्वारा लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की चित्र के समीप दीप प्रज्जवलन किया गया उपरांत चित्र पर माल्यार्पण अर्पित किए। कार्यक्रम में महामहिम राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद के संदेश का पठन महाप्रबंधक (उत्पादन) श्री एस.एन. कापरी ने किया, महामहिम उपराष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडू के संदेश का पठन महाप्रबंधक (सुरक्षा बचाव) श्री बी.पी. सिंह ने किया, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का पठन महाप्रबंधक (ईएण्डएम) श्री ओ.पी. सिंह ने किया एवं सेन्ट्रल विजिलेंस कमीशन के संदेश का पठन महाप्रबंधक (एलएण्डआर) श्री एम.एम. देशकर ने किया।

एनएफएल. आंचलिक कार्यालय भोपाल सतर्कता जागरुकता सप्ताह का शुभारंभ

भोपाल। केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देषानुसार दिनांक 26 अक्टूबर से 01 नवम्बर 2021 तक सतर्कता जागरुकता सप्ताह, आंचलिक कार्यालय भोपाल में सतर्कता विभाग द्वारा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री ललित मोहन पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। सतर्कता जागरुकता सप्ताह का शुभारम्भ एन.एफएल. आंचलिक कार्यालय भोपाल के राज्यप्रबंधक मध्य प्रदेष श्री आर.एस. चैहान द्वारा कर्मचारियों को सत्य निष्ठा की शपथ दिलाई, इसके उपरांत सरदार वल्लभ भाई पटेल को दीप प्रजव्लित व पुष्पांजलि अर्पित कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया। स्वतंत्र भारत / 75ः सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भयता के विषय पर श्री चैहान ने भ्रष्टाचार उम्मूलन की महती आवष्यकता पर बल दिया डाला ताकि कार्य निष्पादन निष्पक्ष व पारदर्षिता के साथ प्रभावी ढंग से हो सके. कर्मचारी यूनियन के महा सचिव श्री भारत बसेठा एवं सतर्कता विभाग के प्रमुख श्री ए.के. सक्सेना ने भ्रष्टाचार के विरूद्ध अपने अपने विचार व्यक्त किये

एनएमडीसी सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2021 मना रहा

हैदराबाद। केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशों के अनुसार एनएमडीसी 'स्वतंत्र भारत @75ः सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता' विषय पर 26.10.2021 से 01.11.2021 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह - 2021 (वी ए डब्ल्यू -2021) मना रहा है।

वीएडब्ल्यू-2021 के उद्घाटन समारोह की शुरुआत करते हुए एनएमडीसी के सीएमडी श्री सुमित देब ने अपने प्रधान कार्यालय, हैदराबाद में कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। श्री अमिताभ मुखर्जी, निदेशक (वित्त) ने भारत के माननीय राष्ट्रपति के संदेश को पढ़कर सुनाया; निदेशक (तकनीकी) श्री सोमनाथ नंदी ने भारत के माननीय उपराष्ट्रपति का संदेश पढ़ा; श्री डी.के.मोहंती, निदेशक (उत्पादन) ने माननीय प्रधानमंत्री का संदेश पढ़ा और श्री बी साहू, अधिशासी निदेशक (उत्पादन और सुरक्षा)ने केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के संदेश के संदेश को पढ़कर सुनाया। सत्य निष्ठाश प्रतिज्ञा दिलवाने का कार्यक्रम एनएमडीसी के सतर्कता विभाग ने आयोजित किया।

भारत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है और एनएमडीसी इस सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान भारत @75 के उपलक्ष्य में सत्यनिष्ठा पर विभिन्न गतिविधियों, प्रतियोगिताओं और संवेदीकरण कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। आज एनएमडीसी कार्मिकों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के साथ कार्यक्रम प्रारम्भ हुए। इस सप्ताह के दौरान अनेक अन्यए कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं जैसेः नारा लेखन, वाक, निबंध लेखन, सर्वश्रेष्ठ हाउस कीपिंग प्रतियोगिताएं एवं गतिविधियां निर्धारित किए गए हैं।

इसके अलावा 28 अक्टूबर 2021 को कारपोरेट गवर्नेंस- लीवरेज टेक्नोलॉजी एंड व्हिसल ब्लोअर मैकेनिज्म पर एक सत्र आयोजित किया जा रहा है जिसमें केंद्रीय सतर्कता आयोग की अपर सचिव डॉ प्रवीण कुमारी सिंह द्वारा प्रमुख व्याख्यारन दिया जाएगा ।

बिजनेस

नया टेलीविजन विज्ञापन इन प्रीमियम पंखों की नई रेंज की अभिनव उत्पाद खूबियों पर केन्द्रित है

ऊषा ने हीलियस पंखों के लिये एयर ऑफइनोवेशन'' कैम्पेन किया लॉन्च

नई दिल्ली। भारत के प्रमुख कंज्यूमर ड्यूरेबल्स ब्राण्ड ऊषा इंटरनेशनल ने आज सीलिंग पंखों की अपनी हीलियस रेंज के लिये एक नये टेलीविजन विज्ञापन कैम्पेन ÷एयर ऑफ इनोवेशन'' की शुरूआत की है। इस उच्च -स्तयरीय कैम्पेन में 4 टेलीविजन विज्ञापन हैं, जो एयरोडायनैमिक एबीएस मोल्डेसड ब्लेड्स और बीएलडीसी माइक्रोचिप+ मोटर जैसी अभिनव खूबियों और इस उत्पाद में उपलब्ध विभिन्न कलर वैरिएंट्स पर रोशनी डालते हैं। टेलीविजन विज्ञापनों का यह कैम्पेपन भारत में हमारे उन उपभोक्ताओं के साथ हमारे लगाव और जुड़ाव को बढ़ाने के लिये है, जो बदलाव लाने वाली नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर अपनी जीवनशैली को बेहतर बनाना चाहते हैं।

23 अक्टूबर से शुरू हुए 15 सेकंड के इन टेलीविजन विज्ञापनों को क्षेत्रीय मनोरंजन और संगीत चैनलों समेत उच्चर प्रभाव वाले प्रासंगिक शोज में चलाया जाएगा। साथ ही यह प्राइम टाइम के प्रमुख न्यूज शोज (रात 8 से 9 बजे) और मॉर्निंग टाइम बैण्डज पर हिन्दी, अंग्रेजी और क्षेत्रीय समाचार चैनलों में चलेंगे। इसके अलावा, टेलीविजन विज्ञापन के लॉन्चिंग के बाद नवंबर के दूसरे हफ्ते में यह ब्राण्ड फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर एक महीने के डिजिटल कैम्पेन को भी शुरू करेगा।

इस कैम्पेन के माध्यपम से, ऊषा इंटरनेशनल का लक्ष्या देश के उन नये युग के उपभोक्ताओं से जुड़ना है, जो अपने घरों को अपग्रेड करना चाहते हैं। इस नये कैम्पेन पर अपनी बात रखते हुए, रोहित माथुर, प्रेसिडेंट- इलेक्ट्रिक फैंस, वाटर हीटर्स एंड पम्प्स् दू, ऊषा इंटरनेशनल ने कहा, ÷ऊषा के हीलियस पंखे खासतौर पर भारत के नये युग के उपभोक्ताओं के लिये डिजाइन किये गये हैं और फेस्टिव सीजन के बीच यह पेशकश उपभोक्ताओं को उनकी छत सजाने के लिये एक परफेक्ट देने का हमारा तरीका है। खासकर वे उपभोक्ता, जो त्योहारी मौसम के दौरान अपने घर का लुक और फील बेहतर बनाना चाहते हैं- यह पंखा उनकी हर अपेक्षा को पूरा करेगा, क्योंकि यह अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी, उच्च- प्रदर्शन और भव्यता का परफेक्ट संगम है।

पंखों की हीलियस रेंज का डिजाइन सुगम है, यह पंखे कई उच्चक तकनीकी से युक्तह खूबियों के साथ आते हैं और परफॉर्मेंस तथा खूबसूरती का उचित मेल है। इन पंखों में बीएलडीसी माइक्रोचिप+ मोटर है, जो बिजली बचाती है और 1220 एमएम का स्वीप देती है। अन्य विशेषताओं में हवा के सुगम बहाव के लिये 3डी एबीएल मोल्डेंड एयरोडायनेमिक ब्लेड्स, सुपर हाई 260 द्रश/मिनट एयर डिलीवरी, 310 आरपीएम स्पीड और चलने में बहुत हल्की आवाज शामिल हैं।

NOTICE UNDER SECTION 72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT 1932

Be it known to all that the Partnership firm **M/s. "MAA DEVSAR VENTURES" UG-210 CITY PLAZA INFRONT OF MARUTI BUSINESS PARK G.E. ROAD, RAIPUR (C.G.)** having Registration No. **222201978005 Dated-16/09/2019** has undergone changes by which **MR. DEVENDRA PRASAD GUPTA, S/O SHRI VISHVANATH PRASAD GUPTA.** Has entered the Partnership as new partner, And **MR. NAVNEET TRIVEDI, S/O YOGENDRA TRIVEDI** has Retire from the partnership without any objection of old partners **MR. VIVEK KUMAR AGRAWAL S/O RAMCHANDRA AGRAWAL & MR. SHIV AGRAWAL S/O RAMCHANDRA AGRAWAL.** Hence above all partners will continue the firm and accordingly made the new partnership deed on 31/03/2021.

VIVEK KUMAR AGRAWAL
For, M/s. "MAA DEVSAR VENTURES"
(Partner)

NOTICE UNDER SECTION 72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT 1932

Be it known to all that the Partnership firm **M/s. "JAI AMBEY PLANTATIONS shifted from 86, 2nd floor IGVP Pandary Raipur To H-401, ASHOKA HEIGHTS, RAIPUR (C.G.)** having Registration No. **139/08-09 Dated-14/07/2008** has undergone changes by which **MS. SHRANKHLA UPADHYAYA D/O Shri J.K UPADHYAYA.** Wants to Entered from the Partnership as new partner, without any objection of old partners. **MS. BHOOMIKA UPADHYAYA D/O Shri J.K UPADHYAYA and AVADH NARESH BHARDWAJ. S/O Shri O.D. SHARMA.** Hence above all three partners will continue the firm and accordingly made the new partnership deed on 18/11/2011.

MRS. BHOOMIKA UPADHYAYA
For, M/s. "JAI AMBEY PLANTATIONS"
(Partner)

कर्मयोगिनी सम्मान से सम्मानित हुई नेहा वर्मा

भाटापारा। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ महतारी के मस्तक को ऊपर करने वाली बेटियां का 25 अक्टूबर को सम्मानित किया गया। भाटापारा नगर की बेटी कम उम्र में जूडो ब्लैक बेल्ट हासिल करने वाली एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपने राज्य का जूडो खेल में प्रतिनिधित्व करने वाली मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स एकेडमी के होनहार खिलाड़ी नेहा वर्मा महिलायों को आत्मरक्षा एवं सेल्फडिफेन्स का ट्रेनिंग मार्सल आर्ट स्पोर्ट अकादमी में कोचिंग देती है जो भाटापारा की गौरव नेहा वर्मा को महामहिम राज्यपाल सुश्री अनसुइया उईके, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह एवं अंजय शुक्ला (प्रदेश संयोजक, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ छत्तीसगढ़) के द्वारा कर्म योगिनी सम्मान से सम्मानित किया गया। नेहा वर्मा के इस उपलब्धि पर मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स एकेडमी के संरक्षक एवं भाटापारा के विधायक शिवरतन शर्मा, अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, संयोजक सतीश तलरेज, मनोज गुप्ता सचिव सुरेश राव, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष सुनील यदु , डॉ. विकास आडिल, परमानंद सचदेव, कैलाश बलानी, मोहन लाल केशरवानी, राकेश मानधनी, रंजीत दवानी, राधेश्याम आर्य, मनीष मिश्रा पूर्व एल्डरमैन, पीताम्बर साहू के साथ समस्त मार्शल आर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

सुनील माहेश्वरी ने विभिन्न कार्यों का किया भूमि पूजन

भाटापारा। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने संत कंवर राम वार्ड में 30 लाख रूपए की लागत से बनने वाली सीसी नाली एवं ट्यूबलर पोल का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील गुप्ता, उपाध्यक्ष त्रिलोक सलूजा, संत कवर राम वार्ड के पार्षद सभापति दीपक निर्मलकर, सभापति सुशील सबलानी, सभापति सिरिज जांगड़े, सभापति भुलु कुर्रे, सभापति रोहित साहू , पूर्व पार्षद नानु सोनी, राजेंद्र वर्मा, गेंदु साव, शैलेंद्र अहिरवार, एल्डरमैन मुकेश साहू, गिरीश परप्यांनी, सेवादल अध्यक्ष महेंद्र साहू उपस्थित थे। माहेश्वरी ने अपने संबोधन में कहा की आपका पार्षद दीपक निर्मलकर वार्ड के विकास के लिए दिन-रात सक्रिय रहता है ना खुद चैन से बैठता है ना हमें चैन से बैठने देता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया एवं अध्यक्ष सुनीता गुप्ता के नेतृत्व में नगर में चहुमुखी विकास हो रहा है। वार्ड के सभी जरूरी कार्य धीरे-धीरे पार्षद के कार्यकाल में पूर्ण हो जाएंगे। विकास के लिए राशि की कमी नहीं होने देंगे।

सरकारी योजनाओं को लेकर महिलाओं की विचार से अवगत हुए : महंत

कवर्धा (नवप्रदेश)। गौ माताओं की संरक्षण एवं संवर्धन के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने सभी गांव में गौठान निर्माण की योजना पर कार्य किया है जिसमें अधिकांश गांव में निर्माण हो चुका है, कुछ गांवों में यह निर्माणाधीन है तथा बहुत से गांव में इसकी स्वीकृति मिल चुकी है। यह सभी कार्य केवल ढाई वर्ष के अंतराल में हुए हैं जब धीरे-धीरे सभी गांव में गौठान का निर्माण हो जाएगा तब गांव एवं शहरों की गलियों में विचरण करने वाली गौवंशी पूर्णतः संरक्षित एवं सुरक्षित रहेगें यह बातें छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने विकासखंड एवं

जिला कबीरधाम के अंतर्गत स्थित ग्राम झिरना ग्राम पंचायत चनाडोंगरी के गौठान के निरीक्षण के उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अभिव्यक्त किया। राजेश्री महन्त महाराज अपने एक दिवसीय प्रवास पर कबीरधाम जिले के दौरे पर थे उन्होंने गौठान निरीक्षण के दौरान यहां कार्य करने वाली शनि महिला स्व सहायता समूह की माताओं से भेंट मुलाकात की उनसे सरकार की योजनाओं को लेकर गहन विचार विमर्श किया वे उनके विचारों से अवगत हुए, अपने आशीर्वचन संदेश में राजेश्री महन्त महाराज ने कहा कि जब से छत्तीसगढ़ राज्य में कांग्रेस की सरकार आई है तभी से गौ माताओं की संरक्षण एवं संवर्धन पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। इसमें काफी हद तक सफलता भी प्राप्त हो रही है, किंतु अभी इस क्षेत्र में और बहुत अधिक कार्य किया जाना अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने गौठान में चारा रखने के लिए गोदाम निर्माण तथा फिनिशिकरण व समतलीकरण के कार्य को पूरा करने की जो मांग रखा है वह यथाशीघ्र पूर्ण होंगे। लोगों को कबीरधाम विकासखंड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी धुर्वे ने भी संबोधित किया एवं नरवा गरवा घुरवा बारी के व्यवहारिक लाभ तथा महत्व से अवगत कराया।

सुरक्षा के प्रति पालक हुए जागरूक

कवर्धा। पंडरिया विकासखंड के सुदूर वनांचल क्षेत्र के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिंगपुर में शाला सुरक्षा समिति का विधिवत गठन किया गया। यह समिति विद्यालय का नियमित अवलोकन कर, शालेय विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। इसके साथ-साथ स्वच्छता,मध्यान्ह भोजन, साफ-सफाई, आपदा प्रबंधन, अपशिष्ट निष्कासन आदि क्षेत्रों पर कार्य, विद्यालय प्रबंधन समिति के साथ करेगी। श्री गंगाधीन के अध्यक्षता में गठित ग्यारह सदस्यीय टीम ने टीम वर्क के माध्यम से सक्रिय योगदान देने की बात कही।

बूथों की कार्यकारिणी कांग्रेस को जिताने में अहम भूमिका निभा रही : गिरीश

भाटापारा। ब्लाक कांग्रेस कमेटी सिमगा के अध्यक्ष डॉ केके नायक के निमंत्रण पर छत्तीसगढ़ खनिज निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने ग्राम चौरंगा पहुंचकर पोलिंग बूथ गठन की सराहना की।

डॉ कृष्ण कुमार नायक ने बताया कि पोलिंग बूथ कमेटी हेतु उपस्थित कांग्रेसजनों को गिरीश देवांगन ने संबोधित करते हुए कहा कि बूथों के कार्यकारिणी की भूमिका कांग्रेस पार्टी को जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्रत्येक बूथ कमेटियों में नौजवान, बुजुर्गों और माताओं बहनों को सदस्य बनाना है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर केके नायक के कार्यों को सराहना की और बधाई दिया। डॉक्टर केके नायक द्वारा बताया गया की अभी तक कुल 40 बूथों का गठन हो चुका है। टोटल 52 बूथों का गठन होना है। बाकी बूथों का गठन जल्द हो जाएगा। बूथ गठन करने के बाद निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन भागवत कथा भी सुनने पहुंचे। सभा को निगम सदस्य सतीश अग्रवाल, सुशील शर्मा , राम विलास साहू, डॉ केके नायक, सुनील महेश्वरी, जिला पंचायत सदस्य रमेश घृतलहरे, अभिनव यदु, मोहन गायकवाड, त्रिलोक, सलूजा, बसंत आदि के द्वारा संबोधित किया गया। इस अवसर पर कुंज राम साहू, मनधाता साहू, मनमोहन बंजारे, जगमोहन मारकंडे, विक्कीमानिकपुरी, नरेंद्र शुक्ला, सुभाष मिश्रा, यशवंत बघेल, हिरेंद्र कोसले, कमल ठाकुर सहित बूथ कमेटी के सदस्य और ग्रामीण जन उपस्थित थे।

विशेष मेगा कैम्प में 2355 हितग्राही हुए लाभान्वित

■ **हितग्राहियों के सुविधा के लिए विशेष मेगा कैम्प का किया गया आयोजन**

कवर्धा। नालसा एवं सालसा द्वारा संचालित भारत का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत ''पैन इंडिया अवेयरनेस एण्ड आउटरीच'' अभियान 2 अक्टूबर से 14 नवंबर तक कबीरधाम जिले के समस्त ग्रामों एवं विद्यालयों में विशेष साक्षरता शिविर आयोजित किए जा रहे है। नालसा एवं सालसा के निर्देशानुसार 24 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्तर पर ''मेगा लीगल सर्विस कैम्प'' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उच्च न्यायालय, बिलासपुर छत्तीसगढ़ में मुख्य न्यायमूर्ति द्वारा किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में कबीरधाम जिले के सभी न्यायाधीशगण विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम सम्मिलित हुए।

द्वितीय चरण में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अमित प्रताप चन्द्रा ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए तथा कार्यक्रम की विशिष्ठ अतिथि के रूप में जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम नीता यादव भी ऑनलाईन कार्यक्रम में शामिल हुई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर कलेक्टर बीएस उइके द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन अमित प्रताप चन्द्रा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिले के समस्त विभागों के अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित थे। उपस्थित सभी विभागों के वक्ताओं द्वारा अपने-अपने विभागों के विभिन्न योजनाओं के बारे में क्रमशः बताया गया, साथ में यह भी बताया गया कि किन योजनाओं में कितने लोगो लाभान्वित हुए है। कैम्प में शासन द्वारा संचालित योजनाओं आकाशीय बिजली, सर्पदंश, सड़क दुर्घटना से मृत अथवा घायल होने वाले पीड़ितों को प्रदान की जानी वाली सहायता, समाज कल्याण विभाग, पंचायतों अथवा नगर निकायों एवं अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के हितग्राहियों की पहचान कर उक्त तिथि को संबंधित योजना के अनुरूप राशि एवं लाभ प्रदान किया गया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

58 गांवों को नारायणपुर...

शलभ सिन्हा कोलर क्षेत्र के ग्रामीणों से मिलकर पदयात्रा ना करने का निवेदन किया था, लेकिन ग्रामीणों ने कलेक्टर की एक ना सुनी और अपनी मांगों को लेकर पदयात्रा की बात पर अड़े रहे।

दरअसल, छत्तीसगढ़ के अन्तागढ़ क्षेत्र अंतर्गत कोलर इलाके के 58 गांव के ग्रामीण राज्यपाल से मिलने 24 अक्टूबर को पदयात्रा कर मगंलवार को रायपुर पहुंचे। इनकी मांग है कि 58 गांव को नारायणपुर जिले में शामिल किया जाए। इन्हीं मांगों को लेकर 45 दिन से ग्रामीण धरने पर बैठे हुए थे। ग्रामीणों की मांग अनसुनी किए जाने के बाद 58 गांव के करीब हजारों ग्रामीण पैदल ही राजधानी रायपुर पहुंचे। उनका कहना है कि राज्यपाल स्वयं आदिवासी समाज से आती है, लिहाजा वे हमारी समस्या को बेहतर समझेंगी।

आदिवासी हितैषी होने का ढोंग कर रही सरकार : उपासने

भाजपा के वरिष्ठ नेता सच्चिदानंद उपासने ने राज्य सरकार पर आदिवासी हितैषी होने का ढोंग करने का आरोप लगाया। उनकी माने तो एक ओर सरकार 3 दिनों तक प्रदेश की राजधानी में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में मशगूल रहेगी, लेकिन उनके ही प्रदेश के आदिवासी खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। अब क्षेत्र में आदिवासियों की मांग को सरकार द्वारा नहीं सुने जाने पर हजारों मील पैदल चल कर ये आदिवासी राज्यपाल से मिलने पहुंचते हैं, ऐसे में सरकार के कामकाज पर सवाल उठना लाजमी है।

नारायणपुर जिले ...

इन पंचायतों में निवासरत ग्रामीणों को शासकीय कार्य के लिए 150 किमी का सफर तय कर कांकेर जिला मुख्यालय जाना पड़ता है, जबकि इन गांवों से नारायणपुर जिला मुख्यालय की दूरी मात्र 20 किमी है। यही नहीं कांकेर जिले के 13 ग्राम पंचायत में निवासरत ग्रामीणों का रहन-सहन रिश्तेदारी, बाजार, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं नारायणपुर जिला मुख्यालय से पूरी होती हैं। वहीं नारायणपुर जिला चिकित्सालय सहित रामकृष्ण आरोग्य धाम से इन ग्राम पचांयतों के ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधाए उपलब्ध होती हैं। इसके अलावा छात्र नारायणपुर के स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय से उच्च शिक्षा ग्रहण करते हैं। इस तरह से इन 13 ग्राम पंचायतों में लोगों को नारायणपुर जिले से जन सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं।

भौगोलिक स्थिति के ...

में किसी प्रकार की कोई कोल खदान की खुदाई के लिए अनुमति जारी नहीं किया गया है, इससे आदिवासी समाज को घबराने की किसी प्रकार की जरूरत नहीं है। वहीं कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा के आदिवासियों के पैदल चलकर राजधानी पहुंचने की जानकारी मिली है। सरकार उनसे बातचीत करने का प्रयास कर रही है और उनकी जो भी मांगे होगी उस पर सहानुभूति पूर्वक विचार किया जाएगा और निराकरण भी होगा।

आदिवासियों से राज्यपाल ...

नारायणपुर में शामिल करने के लिए राज्य सरकार को सूची दिया है। राज्यपाल ने कलेक्टर को निर्देश दिया था। अब सरकार से जल्द इन गांवों को नारायणपुर में शामिल करने की बात कही जाएगी। राज्यपाल ने कहा कि मैं आदिवासी हूँ, मैं बखूबी समझती हूँ आदिवासियों की समस्या। भोले-भाले आदिवासियों का फायदा उठाया जा रहा है। पढ़े-लिखे आदिवासी सरकार के काम-काज का हिसाब रखें कि गांवों में कितना विकास हो रहा है और कितना नहीं।

11 करोड़ आबादी ...

वाले उन लोगों पर है जिन्होंने अब तक अपनी दूसरी डोज नहीं ली है। केंद्रीय मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से अपील की है कि वो दूसरा डोज नहीं ले पाने वाले लाभुकों की तरफध्यान दें।

भारत की कोवैक्सीन को ...

इस वैक्सीन के आपातकालीन इस्तेमाल को हरी झंडी देने के लिए अभी और भी ज्यादा डेटा की जरुरत है।

सिर्फ 6 कोरोना केस पर...

अधिक संक्रमण सामने आ सकते हैं क्योंकि आने वाले दिनों में प्रकोप से लड़ने के लिए टेस्टिंग तेज कर दी गई है।

सहायक प्राध्यापक भर्ती ...

सीजी पीएससी के माध्यम से सहायक प्राध्यापकों की भर्ती को लेकर हाईकोर्ट में अब तक दर्जन भर से अधिक याचिकाएं लंबित है। इन याचिकाओं पर हाईकोर्ट ने कुछ प्रतियोगियों के पक्ष में अंतरिम राहत देते हुए उन्हें साक्षात्कार में शामिल करने का आदेश भी दिया है। इनमें से एक याचिका में आरक्षण नियमों का पालन नहीं करने का भी आरोप है। इसके चलते अनारक्षित वर्ग के 45 प्रतियोगी चयन प्रक्रिया से बाहर हो गए हैं। उन्होंने भी हाईकोर्ट में भर्ती प्रक्रिया को चुनौती दी है। ऐसे ही अलग-अलग विषयों में प्रतियोगियों को वंचित करने का मामला भी है। इन सभी याचिकाओं पर सुनवाई चल रही है।

आरएसएस नेता की डील, अंबानी...

कंपनी के कहने पर किया गया था, जिसने सरकार को पैसे दिए थे. मुझसे कांग्रेस समेत कई लोगों ने जांच करने को कहा था. मामले की जांच की और प्रधानमंत्री को इसकी जानकारी दी.'

आदिवासियों के बीच ...

खोई जमीन की तलाश करेगी, बल्कि आदिवासी-हितों से जुड़े मुद्दों को उठाकर सरकार को घेरने की भी कोशिश करेगी। सरगुजा में कुल 5 जिले हैं, जिनकी 14 सीटों पर पार्टी की निगाहें जमी हुई है। इनमें से 9 सीटें एसटी के लिए आरक्षित है। भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ में आदिवासियों को साधने की कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए बस्तर के बाद अब सरगुजा में चिंतन शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में आदिवासियों के धर्मांतरण, उनकी आर्थिक स्थिति व नेतृत्व के मुद्दे पर चर्चा होने के आसार हैं। 2018 के चुनाव में भाजपा का न केवल बस्तर अपितु सरगुजा जैसे आदिवासी बाहुल्य इलाकों से भी सफाया हो गया था। राजनीतिक विश्लेषक इन चिंतन शिविरों के पीछे आदिवासी वोट-बैंक को देख रहे हैं। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि सरगुजा चिंतन के दौरान क्या पार्टी इस विषय पर भी चर्चा करेगी कि कभी उसका दिल-खोलकर समर्थन करने वाले आदिवासी आखिर क्योंकर उसके खिलाफ हुए? पार्टी के नेता इस बात को स्वीकार करते हैं कि आदिवासी इलाकों में उसका परफार्मेंस निराशाजनक रहा। इन क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं में उत्साह भरना और मुख्य कैडर को फिर से सक्रिय करना भाजपा का प्राथमिक उद्देश्य है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, सरगुजा चिंतन के दौरान प्रदेश में कांग्रेसी गुटबाजी का फायदा उठाने का भी प्रयास किया जा सकता है। इधर, बस्तर के बाद सरगुजा में शिविर आयोजित करने की खबर से भाजपा के कई आदिवासी नेता सक्रिय हो गए हैं।

भाजपा का बड़ा आदिवासी चेहरा रहे नंदकुमार साय इस बारे में साफगोई से बात करते हैं। वे कहते हैं, पिछले चुनाव के जो नतीजे आए उससे समझा जा सकता है कि इन इलाकों में हम पूरी तरह साफ हो गए। ऐसे में आदिवासी नेताओं और कार्यकर्ताओं की सक्रियता जरूरी है। इधर, कांग्रेस नेता और संसदीय सचिव विकास उपाध्याय का कहना है कि बस्तर और सरगुजा कभी बीजेपी की जमीन रही ही नहीं। आदिवासियों ने कांग्रेस पर ही भरोसा जताया है। भले ही बीच में भाजपा नेता वहां से जीते हों. लेकिन वे आदिवासियों की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। इसलिए उन्हें सिरे से खारिज कर दिया गया। गौरतलब है कि नंदकुमार साय राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रह चुके हैं। लगातार सत्ता में रहने के दौरान भाजपा ने उनसे किनारा कर लिया था। उन्हें लम्बे समय के बाद बस्तर चिंतन बैठक में देखा गया। उनके एक बार फिर सक्रिय होने से पार्टी को फायदा हो सकता है।

समीकरण बनाने ...

रही भाजपा को 2018 के चुनाव में एक भी सीट पर जीत नहीं मिली। लिहाजा समीकरण अभी से तैयार किए जा रहे हैं, ताकि यहाँ बीजेपी की नैया पार लग सके।

सिर्फ 2 आदिवासी ...

आदिवासियों के लिए आरक्षित 23 सीटें जीती थीं। 2008 में 19 और 2013 में 11 सीटों पर जीत हासिल की थी। 2018 में कांग्रेस ने आदिवासियों के लिए आरक्षित 29 में से 25 सीटों पर जीत दर्ज की।

गीताशरण गुप्ता चुने गए लगातार दूसरी बार कसौधन वैश्य गुप्ता समाज के अध्यक्ष

कवर्धा. गुप्ता सामाजिक भवन में सोमवार को कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज कवर्धा इकाई की बैठक रखी गई, बैठक में गुप्ता समाज के युवा ,बुजुर्ग भारी संख्या में शामिल हुए, जहां कवर्धा इकाई के अध्यक्ष गीताशरण गुप्ता ने अपनी कार्यकाल की उपलब्धि गिनाई और अपने टीम के साथ समाज के सामने अपना इस्तीफा सौंपा, इस्तीफे के बाद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष पदों पर चुनाव होना था लेकिन गीताशरण गुप्ता के कार्य से प्रभावित होकर शिव कैलाश गुप्ता ने समाज के सामने दूसरी बार गीताशरण गुप्ता को कवर्धा इकाई का अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव समाज के सामने रखा जिसमें गुप्ता समाज के लोगो ने उन्हें सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना. अध्यक्ष बनने के बाद गुप्ता समाज के लोगो ने गीताशरण गुप्ता को बधाई दिया, और आने वाले एक माह के भीतर कार्यकारिणी समिति की गठन करने कहा ताकि गुप्ता समाज और आगे बढ़ सके, वहीं अध्यक्ष नियुक्त होने पर गीताशरण गुप्ता ने गुप्ता समाज के लोगों से प्यार पाकर भावुक हो गए और कहा समाज ने मुझे दूसरी बार कवर्धा इकाई का अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है मैं अपने स्वार्थ के लिए ऐसा कोई काम नही करूंगा जिससे समाज पीछे मुड़कर देखना पड़े।

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र./अ-20(2)/2021-22
आवेदक रामनारायण सोनी आ. स्व. विजय कुमार सोनी निवासी जवाहर नगर दुर्ग की ओर से अधिवक्ता श्री राहुल पाटनी द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्र. 29 सी प्लाट नं. 322 रकबा 121 वर्गमीटर भूमि धारकगण उत्तम कुमार एवं अन्य के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहधारक हेमलता सोनी की मृत्यु दिनांक 03.06.2020 हो को चुकी है, मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न है। मृतक सहधारक के वारिसान उनके पति रामनारायण, पुत्र निखिल, शुभम, पुत्री हर्षा है, इसके अतिरिक्त अन्य वारिसान नहीं है। आवेदक द्वारा मृतक सहधारक का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम पर फौती नामांतरण किए जाने तथा शेष सहधारकों का नाम यथावत रखे जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।
अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.11.2021 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भूखंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/ आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 20.10.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।
सील
नजूल जांच अधिकारी दुर्ग

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-02
शहीद स्मारक स्कूल के.के. रोड रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र. 277/2021-22
वार्ड का नाम- हवलदार अ.ह. वार्ड-36
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि हवलदार अब्दुल हमीद स्थित मकान/ भूमि 298/3 शाप नं. जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती नाजरा बानो पति स्व. शब्बीर हुसैन के नाम से दर्ज है, जिसको श्री अली असगर पिता स्व. शब्बीर हुसैन ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 02
नगर पालिक निगम, रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा
अ-6/वर्ष 2020-21
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नूर अफशा पति सै. दिलशाह साकिन कसारीडीह दुर्ग के द्वारा ग्राम हनोदा प.ह.नं. 39 रा.नि.मं. उतई तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 524/26 रकबा 0.010 हे. भूमि संतोष जोशी अन्य हनोदा से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 04/10/21 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्ता को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 8/11/2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 22/10/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
सील
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग, जिला दुर्ग (छ.ग.)
202109102000020
रा.प्र.क्र. अ/6/ 2020-21
उद्घोषणा
एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लोमेश कुमार साहू पिता सेवकराम साहू निवासी धीरो (राजनांदगांव) मौजा थिरेझर प.ह.नं. 30 रा.नि.मं. अंजोरा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 634 रकबा 0.4700 हे. सेवकराम साहू के नाम पर दर्ज है, भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 15/11/2019 को हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।
अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/ आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 29/10/2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 05/10/2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक 23/10/2021
पेशी दिनांक 29/10/2021
सील
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक
//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //
नामांतरण प्र.क्र. 287/2021-22
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-57
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं भगवतीचरण शुक्ल 57 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 57/215, 216 बैरनाबाजार जो कि निगम अभिलेख में श्री भानुकुमार वल्द कल्लुराम के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती अंजली टल्ला पति दुर्गा टल्ला, श्रीमती वर्षाराम पति श्री सागर धरम ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक
//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //
नामांतरण प्र.क्र. 281/2021-22
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-57
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं भगवतीचरण शुक्ल 57 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 57/फ्लैट बी-10 जो कि निगम अभिलेख में श्री दिलीप कुमार ठक्कर पिता स्व. हीरजी भाई, रविन्द्र ठक्कर पिता दिलीप कुमार के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती ज्योति नायडू पति संतोष नायडू, श्रीमती पूजा नायडू पति अमित नायडू ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा-पत्र
अ-6/2021-22
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया आवेदक नंदकुमारी पिता/पति स्व. निर्मल कुमार साहू निवासी ग्राम आबादीपारा पोटियाकला तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 470/5 रकबा 0.5750 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान में राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार निर्मल कुमार की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 17/11/21 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 20/10/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक 20/10/2021
सुनवाई दिनांक 17/11/2021
सील
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा
202109100700194
अ-06/2020-21
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया आवेदक सुखीराम पिता स्व. कन्हैया भोई निवासी ग्राम संतराबाड़ी दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग प.ह.नं. 24 खसरा नंबर 1179/2 का टु. रकबा 700 वर्गफीट भूमि को विक्रेता सुखउ पिता कन्हैया भोई निवासी ईदगाहभाठा रायपुर से पंजीकृत बैनामा दिनांक 23.04.1993 के माध्यम से क्रय किया गया था, जिसका प्रमाणीकरण भूलवश पूर्व में नहीं कराए जाने से उक्त भूमि का नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11/11/21 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 20/10/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक 20/10/2021
सुनवाई दिनांक 11/11/2021
सील
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी दुर्ग
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. 6 अ 20(1)/2019-20
आवेदक एन्थोनी डिसोजा पिता फ्रांसिस डिसोजा निवासी मोहन नगर दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग नगर स्थित मोहल्ला बनिया पारा नजूल भूमि शीट क्र. 9 भूखंड क्र. 3/12 क्षेत्रफल 1645 वर्गमीटर आवासीय/व्यवसायिक भूखंड स्थाई नजूल पट्टे पर उन्हें प्राप्त है, जिसकी पट्टा अवधि 31/3/2061 है। छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, मंत्रालय रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 04.07/7-1/2019 दिनांक 11.9.2019 एवं 26.10.2019 में जारी निर्देशों के अनुक्रम में धारक/पट्टेदार द्वारा शासन की शर्तों के अनुरूप उक्त भूखंड का भूमि स्वामी अधिकार प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो तो, प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11/11/2021 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखंड संबंधी जानकारी हो, आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे या करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप 2 आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 26/10/2021 को मेरे स्वयं के हसातक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।
सील
नजूल अधिकारी
दुर्ग

न्यायालय नजूल अधिकारी दुर्ग
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. 6 अ 20(1)/2019-20
आवेदक अजीत श्रीवास्तव पिता अरविंद श्रीवास्तव निवासी मोहन नगर दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग नगर स्थित मोहल्ला बनिया पारा नजूल भूमि शीट क्र. 9 भूखंड क्र. 3/1 क्षेत्रफल 1645 वर्गमीटर आवासीय/व्यवसायिक भूखंड स्थाई नजूल पट्टे पर उन्हें प्राप्त है, जिसकी पट्टा अवधि --- है। छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, मंत्रालय रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 04.07/7-1/2019 दिनांक 11.9.2019 एवं 26.10.2019 में जारी निर्देशों के अनुक्रम में धारक/पट्टेदार द्वारा शासन की शर्तों के अनुरूप उक्त भूखंड का भूमि स्वामी अधिकार प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो तो, प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11/11/2021 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखंड संबंधी जानकारी हो, आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे या करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप 2 आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 26/10/2021 को मेरे स्वयं के हसातक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।
सील
नजूल अधिकारी
दुर्ग

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

बगैर परमिशन के रखे रेत गिट्टी से कभी भी हो सकती है कोई बड़ी दुर्घटना

गुंडरदेही/नवप्रदेश। गुंडरदेही से महज 8 किलोमीटर दूर मेन रोड अर्जुंदा पहुंच मार्ग के बीच ग्राम पंचायत कादूल मे मेन रोड स्थित मकान प्रकाश साहू पिता आगेश्वर साहू जिसका कारोबार बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर का कार्य करता है जो कई वर्षों से मेन रोड से सटाकर रेत गिट्टी रखता है जिसको ग्रामीणों द्वारा कई बार समझाइश देते कहा है कि गिट्टी एवं रेत हटा लो भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है पर भी प्रकाश साहू के द्वारा अपनी जीद के चलते हटाने को तैयार नहीं जिससे ग्रामीण बहुत निराश हैं जिसके चलते हमेशा ग्रामीणों में भय बना रहता है वहीं अब ग्रामीणों का कहना है कि अगर हमारी बातों को अवहेलना करता आ रहा है तो अब इसकी शिकायत किसी उच्च अधिकारी से करेंगे।

छात्रों ने किया देखा गोठान

खरोरा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्र छात्राओं को अनुभव आधारित सीखने पर बल दिया गया है। इसी कड़ी में आज भरत देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा के प्राचार्य रजनी मिंज के निर्देशन में व्याख्याता पुरषोत्तम देवांगन तथा सुनीता सिंह के नेतृत्व में विद्यालय के गोद ग्राम माठ में परिभ्रमण कर ग्राम पंचायत के गोठान का अवलोकन सरपंच सुरेंद्र गेन्द्रे के साथ किया।सरपंच ने विस्तार से गोठान में बन रहे वर्मी कम्पोस्ट व सुपर कंपोस्ट के बनाने की विधि को सीखा।उनकी उपयोगिता ,लागत व विक्रय उपरांत लाभ के बारे में जिज्ञासा को प्रश्नोत्तरी के माध्यम से शांत किया।पश्चात कारपेंटर कामता वर्मा से भी कारपेंटरी के विविध विधाओं से रूबरू हो कर सतत सीखने के लिये छात्र छात्रा तैयार दिखे।

चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

खरोरा/नवप्रदेश। 25-10-2021 को मुखबीर द्वारा सूचना मिला कि तीन व्यक्ति फ्रीज बेचने के लिये संदिग्ध रूप से घुम रहे है कि सूचना पर थाना प्रभारी रमेश कुमार मरकाम द्वारा उप निरीक्षक रविन्द्र ध्रुव एवं स.उ.नि. अमित अंदानी एवं अन्य स्टाफकी टीम गठित कर तस्दीकी हेतु ग्राम मांठ रवाना किया गया। संदेह के आधार पर 1. तरूण वर्मा पिता हेमलाल वर्मा उम्र 37 साल साकिन मांठ प्रायमरी स्कुल के पास थाना खरोरा जिला रायपुर, 2. उमेश यादव उर्फराणा पिता अरूण यादव उम्र 27 साल साकिन मांठ थाना खरोरा जिला रायपुर, 3. बादल पिता झाडूराम धीवर उम्र 22 साल साकिन मांठ थाना खरोरा जिला रायपुर को पूछताछ हेतु थाना लाया गया। संदेहियो से पूछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया गया। आरोपी तरूण वर्मा, उमेश यादव उर्फराणा एवं बादल धीवर द्वारा वर्ष 2020 अप्रैल माह में लाकडाउन के समय रात्रि लगभग 12.00 बजे ग्राम मांठ मेनरोड स्थित हरियाली ढ़ाबा के पीछे से दरवाजा को खोलकर अंदर घुसकर फ्रीज, इनवाईटर, बैटरी पूरा सेट, गैस-सिलेण्डर, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, एजाज फैन, ड्रम, धमेला, प्याज 01 कट्टा, आटा बोरी, मिर्च मसाला, धनिया आदि सामान को चोरी कर ले जाना बताया गया तथा माह अक्टुबर 2021 में आरोपी तरूण वर्मा एवं उमेष यादव उर्फ राणा द्वारा पेचकस लेकर सरपंच सुरेन्द्र कुमार गेंडरे के घर में दिन में घुसकर आलमारी के लॉकर से एक जोड़ी सोने का झुमका, एक जोड़ी चांदी का पायल, दो नग सोने की फुल्ली, दो नग सोने का लॉकर, और नगदी 2000 रूपये जुमला किमती 26000 रूपये को चोरी कर ले गये थे। आरोपी तरूण वर्मा के पेश करने पर एक सोने का झुमका, एक चांदी का पायल, एक सोने की फुल्ली, एक नग सोने का लॉकेट तथा ल्युमिनस कंपनी का इनवाईटर, बैटरी का सेट को आरोपी उमेश् यादव उर्फराणा के पेश करने पर एक सोने का झुमका, एक चांदी का पायल, एक सोने की फुल्ली, एक नग सोने का लॉकेट, एक एच.पी. कंपनी का कॉमर्शियल गैस सिलेण्डर तथा घटना में प्रयुक्त पेचकस, आरोपी बादल धीवर से एक फ्रीज कुल अनुमानित कीमत 80,000 रूपये को पृथक-पृथक जप्त किया गया।

सुकुदैहान सरपंच पर गड़बड़ी का आरोप, कलेक्टर से हुई शिकायत

राजनांदगांव/ नवप्रदेश। सुकुलदैहान सरपंच रामकुमारी देवांगन पति जिला पंचायत सदस्य क्रमांक-8 अशोक देवांगन (मामाजी) के खिलाफ ग्रामीण अस्मे देवांगन और उनके साथियों ने सरपंच की मनमानियों और घोर अनियमितता की शिकायत कलेक्टर से की है।

शिकायतकर्ता अस्मे देवांगन और उनके साथियों ने अपनी शिकायत में कहा है कि, सरपंच रामकुमारी देवांगन और उनके पति एवं जिला पंचायत सदस्य अशोक देवांगन के खिलाफ एक नहीं कई शिकायतें हैं। एक-दो गलतियां माफ की भी जा सकती थी, किन्तु सरपंच और उनके पति ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए ग्राम पंचायत और शासन को अँधेरे में रखकर, उन्हें गुमराह करते हुए गलतियों का अंबार लगा दिया है। ग्राम पंचायत के हित के लिए और उनकी लगातार बढ़ती मनमानियों और अनियमितताओं को रोकने के लिए उनके कारनामों को सार्वजनिक करना बहुत जरूरी हो गया था। इसलिए विवश होकर मामले की शिकायत हमे कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा से करनी पड़ी।

सरपंच और उनके पति ने मुरूम खदान की बिना रॉयल्टी पर्ची ईशु कराए ही फर्जी बिल के आधार पर ग्राम पंचायत की राशि आहरित कर ली गई है, और हजारों ट्रक मुरुम सप्लाई कर लाखों का कारोबार कर लिया। अपने परिवार को लाभ दिलाने की मंशा से परिवार के सदस्य नोमिन पति रामकुमार देवांगन को फर्जी व्हाउचर लगाकर गुपचुप तरीके से रकम आहरित कर ली। दिनाँक 23.03.2021 को प्रस्ताव क्रमांक-12 के तहत प्रीत देवांगन पिता ओमकार देवांगन को आबंटित व्यवसायिक परिसर की दुकान को फर्जी प्रस्ताव तैयार कर दुकान शंकर बाबू पिता सीगू राम देवांगन के नाम के कर दिया। जबकि, इनके द्वारा बनाये गए फर्जी प्रस्ताव के समय कुल 14 में से 8 पंचों ने बैठक का बहिष्कार कर बैठक में न जाने का निर्णय लिया था। केवल 6 पंचों ने बैठक में भाग लिया जो कि, बहुमत के विरुद्ध है। यही नहीं 8 पंचों के फर्जी हस्ताक्षर अपनी मनमानी चलाते हुए कर दिए।

किसी व्यक्ति की गैरमौजूदगी में उसके हस्ताक्षर करना भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467 एवं 468 के अंतर्गत गंभीर अपराध है। इनके खिलाफ उक्त धारा के तहत जुर्म पंजीबद्ध किया जाना चाहिए। यही नहीं ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामीणों से वसूली जा रही टैक्स की राशि भी जमा नहीं की जाती। उक्त राशि का दुरुपयोग निजी स्वार्थ को पूरा करने किया जाता है। शिकायतकर्ता ने उक्त सभी मामलों में जांच कर कड़ी कार्यवाही की मांग कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा से की है।

जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 29 अक्टूबर को

8 निजी कंपनियों द्वारा 625 रिक्त पदों के लिए होगी भर्ती

गरियाबंद। कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग रायपुर द्वारा संकल्प परियोजना के अंतर्गत जिला कौशल विकास प्राधिकरण गरियाबंद तथा जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र गरियाबंद के तत्वाधान में डीपीआरसी भवन जिला पंचायत गरियाबंद के पीछे में 29 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है।

रोजगार मेले में 08 निजी कंपनियों के द्वारा कुल 625 रिक्त पदों में 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के हितग्राही जिनकी योग्यता आठवीं, दसवीं, बारहवीं, स्नातक, स्नातकोत्तर तथा फायर सेफ्टी में डिप्लोमा है। उनका शैक्षणिक/तकनीकी योग्यतानुसार चयन किया जायेगा। इच्छुक आवेदक अपने समस्त दस्तावेजों के साथ 29 अक्टूबर को समय 10 बजे से उपस्थित होकर अवसर का लाभ उठा सकते हैं। कलेक्टर श्री निलेश क्षीरसागर ने रोजगार मेले के सफल क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को जिम्मेदारी सौपे हैं।

गोवर्धन पूजा के लिए जिले में स्थानीय अवकाश घोषित

राजनांदगांव। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने 5 नवम्बर 2021 शुक्रवार दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा के लिए संपूर्ण जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया है। पूर्व में 6 नवम्बर 2021 को भाईदूज के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था।

सीईओ जिला पंचायत ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकेश चंद्राकर ने जिला पंचायत सभाकक्ष में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत अनुविभागीय, विभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा तथा उप अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ चंद्राकर ने विलंब निर्माण कार्य, गुणवत्ता और अप्रारंभ कार्यों के लिए अभियंताओं पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को संबंधित कार्य एजेंसी को नियमानुसार कार्रवाई के लिए नोटिस देने निर्देशित किया। ऐसे पंचायत जो कार्यों स्वीकृत कराने के बाद प्रारंभ करने में रूचि नहीं ले रहे है एवं पूर्व से स्वीकृत कार्यों को लंबे समय तक पूर्ण न करने वाले की सूची तैयार कर आगामी योजना में कार्य प्रस्तावित करते समय सूची का ध्यान रखते हुए कार्य प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। नरवा विकास के कार्यों में प्रस्तावित कार्यों को स्वीकृति के लिए 15 दिवस में प्रेषित करने एवं पूर्व स्वीकृत कार्यों को तत्काल प्रारंभ कराए जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को निर्देश दिए गए। मनरेगा अंतर्गत मजदूरी मूलक कार्यों को प्रारंभ कराते हुए जिले में अधिक से अधिक श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने कहा गया। मिट्टी मूलक कार्यों को तेजी से प्रारंभ कराने के साथ ही स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वीकृत किए गए ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों को जल्द से जल्द प्रारंभ करते हुए दिसंबर माह तक पूर्ण करने का लक्ष्य दिया गया। जिला खनिज मद प्राधिकरण मद, लोक शिक्षण मद, अधोसंरचना मद के कार्यों की प्रगति पर ध्यान देते हुए आगामी माह के 31 तारीख तक विशेष अभियान चलाकर पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए।

कलेक्टर ने की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने आज अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व प्रकरणों, कोविड-19 वैक्सीनेशन, आयुष्मान कार्ड, गौठानो में गोबर खरीदी, धान खरीदी हेतु आवश्यक व्यवस्था, जल-जीवन मिशन के कार्य तथा हाट-बाजार क्लिनिक के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाएं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर ने सभी एस.डी.एम को अविवादित नामांतरण - बटवारा व सीमांकन के प्रकरण समय पर निपटाने के निर्देश दिये। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर जनपद पंचायतवार ऑनलाइन एन्ट्री सुनिश्चित किया जाये। कलेक्टर ने कहा कि जिले में कोविड-19 वैक्सीन की उपलब्धता के आधार पर ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन कार्य पूर्ण कराई जाये। इसी प्रकार लक्ष्य के मुताबिक निर्धारित अवधि तक आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य भी पूर्ण कर लिया जाये। उन्होंने सभी जनपद सी.ई.ओ को स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों की सहयोग से कोविड-19 वैक्सीनेशन और आयुष्मान कार्ड के कार्य पूर्ण कराने तथा स्वीकृत सभी गौठान निर्माण के कार्य शीघ्र पूर्ण कर गोबर खरीदी व कम्पोस्ट खाद निर्माण की व्यवस्था प्रारंभ कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल हेतु शिक्षक भर्ती कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जाये। उन्होंने सभी एस.डी.एम को स्कूली बच्चों का जाति प्रमाण पत्र अविलंब बनाने तथा मात्रात्मक त्रुटियों की वजह से जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने की स्थिति में ऐसी त्रुटियां संबंधी जानकारी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को देने, धान खरीदी हेतु अभी से आवश्यक व्यवस्था के संबंध में निर्देशित किया।

देशद्रोह को संरक्षण व सेनानी का अपमान कर रहे डॉ रमन : कांग्रेस

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने विज्ञान महाविद्यालय का नाम राजनांदगांव जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. कन्हैया लाल जी अग्रवाल के नाम पर रखे जाने के निर्णय पर राजनांदगांव के विधायक पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के विरोध को दुर्भाग्यजनक बताते हुए कहा कि भाजपा के पदाधिकारी खुले रूप से पाकिस्तान के झंडे लगाने का दुष्कृत्य करते हैं उस पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मूकदर्शक बने बैठे रहे पर स्वतंत्रता सेनानी का अपमान करने से नहीं चूके यह दोहरी भाजपाई मानसिकता का परिचायक है।

मात्र अपनी राजनीतिक धरातल को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे डॉ. रमन सिंह पर्यावरण तीर्थ के नाम पर जिले के भाजपा नेताओं को बौना दिखाने पैराशूट भाजपाई के माध्यम से चंदा उगाही और नौटंकी करने के बजाए अपने द्वारा लोकार्पित बर्बादी के मंजर ऑक्सीजन जोन की ही सुध ले लेते तो कुछ बात होती।

प्रवक्ता दुबे ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी से रिक्त पार्टी भाजपा व उनके लोग भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में अंग्रेजों के चाटुकार बने थे, गोडसे विचारधारा के होने के कारण भी वे सेनानियों के सम्मान व गरिमा को पहचानने नही पा रहे हैं। डॉ साहब ने तो मात्र अपने परिजन स्वार्थ के चलते विषय विहीन पदस्थापना कर विज्ञान महाविद्यालय को कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के रूप में परिवर्तित कर सत्ता का दुरुपयोग किये थे, उसी नाम विहीन कॉलेज को गरिमा देने राजनांदगांव नगर निगम की जुझारू नेतृत्व की धनी महापौर हेमा देशमुख की नेक सोच और महापुरुषों, वीर शहीदों और सामाजिक समरसता को ध्यान में रखते हुए शहर में जो नामकरण का पुनीत कार्य हुआ है, उस सभा मे उनके विधायक प्रतिनिधि, सांसद प्रतिनिधि भाजपा पार्षद दल ने भी सहमति दी, उसके बाद भी उनके विरोध से यह साबित हुआ कि राजनांदगांव में डॉ साहब अकेले हो गए इसीलिए बाहरी व्यक्ति का सहारा लेना बेबसी है। डॉ. रमन के मुख्यमंत्री कार्यकाल के एक वर्षीय वित्तीय वर्ष 2018-19 में तो महापुरुषों के नाम सत्ता का दुरुपयोग कर शासकीय राशि पर डाका डालने का काम किया है, जो गंभीर आर्थिक अपराध है जैसे महाराणा प्रताप की मूर्ति अनावरण पर पंडाल का खर्च 293335 रूपये अटल बिहारी वाजपेई जी के अस्थि विसर्जन के नाम पर पंडाल एवं लाइट का खर्च 381659 रु शिव गंगा आरती के पंडाल का खर्च 378756 रु यहां तक कि नवरात्र में पदयात्री सेवा हेतु पत्रकार संघ पंडाल 410800 रु और तो और राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त में 2189104 रु 26 जनवरी 1299416 रु पंडाल राशि के नाम पर जो खेल हुआ है वह इनके राष्ट्रीयपर्व, महापुरुषों एवं पत्रकार साथियों की आड़ में अपनी जेब भरने वाला अर्थिक अनियमितता है ऐसे में इनसे महापुरुषों, सेनानियों के सम्मान की कल्पना करना भी व्यर्थ है। डॉ. रमन सिंह में जरा भी नैतिकता है तो वह कन्हैया लाल अग्रवाल जी के नामकरण का विरोध करने के लिए सार्वजनिक रूप से खेद व नेक पहल हेतु महापौर का आभार व्यक्त करें।

स्कूली बच्चों ने किया वृंदावन गौठान का भ्रमण

राजनांदगांव। जिले के ग्राम अंजोरा का वृंदावन गौठान रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित हो रहा है। यहां की आकर्षक साज-सज्जा एवं गौठान में संचालित विभिन्न गतिविधियों को देखने आज शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के बच्चे पहुंचे। यहां बच्चों ने ढाई एकड़ के गौठान में कलस्टर में लगे गेंदा फूल, मल्चिंग विधि से लगाये पपीता, कल्याणी बैंगन, टमाटर, मिर्ची एवं अन्य फसलों का अवलोकन किया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा पत्र

रा.प्र.क्र./रजि. नंबर 202110100400428

पक्षकार का नाम- श्री भूपेन्द्र कुमार शर्मा

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक भूपेन्द्र कुमार शर्मा आ. श्री सुभाष चंद्र शर्मा निवासी-राजीव नगर वार्ड 04 सुपेला भिलाई दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/ 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
कुरूद प.ह.न 19 अ तह.व जिला दुर्ग	1116/31	0.009 हे. 1000 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

प.नं. 202110100400305

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुनीता सरकार पति संजय सरकार निवासी हाऊसिंग बोर्ड भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम जामुल प.ह.नं. 18 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 265/36 रकबा 0.01 हे. 1100 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20/10/2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

202109100700417

अ-74/20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया आवेदिका रूकमणी तम्बोली पिता/पति स्व. व्यास नारायण तम्बोली निवासी ग्राम शंकर नगर तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1246/9 रकबा 0.012 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान में राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र, चालान की मूल प्रति, बैकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, धान की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30/10/21 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/9/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 29/09/2021

सुनवाई दिनांक 30/10/2021

सील — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रायपुर- 13

// आम सूचना //

जारी दिनांक 25.10.2021

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती हीना बेन पटेल पिता/ पति चन्द्रकांत पटेल निवासी रमणी टिम्बर मार्ट रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम डंगनिया पटवारी हल्का नंबर 58 राजस्व निरीक्षक मंडल 13 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 288/28 रकबा 635 वर्गफुट का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर के आदेश दिनांक 20.10.2021 के परिपालन में दिनांक 28.10.2021 को समय 12.00 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नं. 60 के डगनिया में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

सील — **राजस्व निरीक्षक रायपुर**

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)

प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 282/2021-22

वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-57

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं भगवतीचरण शुक्ल 57 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 57/एमआईजी-9 शैलेन्द्र नगर जो कि निगम अभिलेख में श्री टीकमदास संतवानी पिता स्व. श्री ठाकुरमल दास के नाम से दर्ज है, जिसको श्री विनय संतवानी पिता चन्द्रकांत संतवानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। — **जोन कमिश्नर जोन क्र.-04 नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

प.नं. 202110100400364

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक किशोर कुमार साहू आ. विष्णु राम साहू निवासी रूआबांधा भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.नं. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 601/60 रकबा 0.0125 हे. 1350 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22/10/2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

प.नं. 202110100400446

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राधेश्याम यादव आ. आर.बी. यादव निवासी सेक्टर 06 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.नं. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 411/13 रकबा 0.0300 हे. 3300 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25/10/2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

202109100700385

अ-06/2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया आवेदक प्रेमलता देवांगन पति स्व. संतोष कुमार देवांगन निवासी ग्राम शंकर नगर तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कातुलबोर्ड तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 32/69 रकबा 0.0570 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान में राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार संतोष कुमार की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30/10/21 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/9/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 28/09/2021

सुनवाई दिनांक 30/10/2021

सील — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

शपथ पत्र

मैं शपथकर्ता खेदूराम आत्मज लतेल राम उम्र 67 वर्ष निवासी-ग्राम नारथी, पोस्ट औंधी, तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। 2. यह कि मेरे समस्त आवश्यक दस्तावेजों जैसे मेरे आधार क्र. 5709 3013 4227, पेन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्रायविंग लायसेंस इत्यादि में मेरा नाम खेदू राम आ. लतेल राम दर्ज है जो कि मेरा सही व वास्तविक नाम है। 3. यह कि मैं भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई से दिनांक 01/01/2014 को सेवानिवृत्त हो चुका हूं तथा मेरे भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई के समस्त सर्विस रिकार्ड एवं मेरे नाम पर संचालित भारतीय स्टेट बैंक पदुम नगर, भिलाई 3 में पेंशन खाता क्र. 30244338867 में मेरा नाम भूलवश खेदू राम सपहा आ. लतेलराम सपदा दर्ज हो गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है जबकि मेरा सही एवं वास्तविक नाम खेदू राम आ. लतेल राम है। 4. यह कि मैं अपने समस्त आवश्यक दस्तावेजों में अपना सही एवं वास्तविक नाम खेदूराम आ. लतेल राम दर्ज कराना चाहता हूं। 5. यह कि खेदूराम आ. लतेलराम एवं खेदूराम सपहा आ. लतेलराम सपहा ये दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति, अर्थात मेरे स्वयं का ही नाम है। अतः शपथ पत्र छत्तीसगढ़ राज पत्र में अपना सही एवं वास्तविक नाम खेदूराम आत्मज लतेल राम प्रकाशन करवाने एवं अपने स्वयं के समस्त आवश्यक दस्तावेजों में अपना सही एवं वास्तविक नाम खेदूराम आ. लतेलराम दर्ज कराना चाहता हूं एवं भविष्य में मैं खेदू राम आत्मज लतेल राम के नाम से ही जाना, पहचाना हस्ताक्षर आदि करूंगा।

सत्यापन :- मैं शपथकर्ता खेदूराम आत्मज लतेलराम उम्र 67 वर्ष निवासी ग्राम नारथी, पोस्ट औंधी तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) यह सत्यापित करता हूं कि कंडिका 01 से 05 तक के कथन मेरे स्वयं की जानकारी के अनुसार सत्य व सही है अतः आज दिनांक 07/10/2021 को स्थान दुर्ग में अपना हस्ताक्षर कर दिया

शपथकर्ता

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

शपथ पत्र

मैं शपथकर्ता दिनेश कुमार यादव आत्मज श्री दलसिंगार यादव उम्र 40 वर्ष, निवासी- प्लाट नं. 12, सड़क 03, हिन्द नगर रिसाली भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। 2. यह कि मेरी पुत्री साक्षी जिसकी जन्म दिनांक 25/8/2010 को भिलाई में हुआ है जो कि सही एवं सत्य है। 3. यह कि मेरी पुत्री के समस्त दस्तावेजों जैसे मेरी पुत्री के आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र इत्यादि में मेरी पुत्री का नाम साक्षी दर्ज है जो कि मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम है। 4. यह कि मेरी पुत्री वर्तमान में कक्षा छठवीं, स्कूल केन्द्रीय विद्यालय दुर्ग में नियमित रूप से अध्ययनरत है। 5. यह कि मेरी पुत्री के समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम साक्षी यादव दर्ज है। 6. यह मैं अपनी पुत्री के शैक्षणिक दस्तावेजों में अपनी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम साक्षी दर्ज कराना चाहता हूं। 7. यह कि साक्षी एवं साक्षी यादव ये दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरी पुत्री का ही नाम है।

अतः शपथ पत्र छत्तीसगढ़ राज पत्र में अपनी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम साक्षी प्रकाशन करवाने एवं अपनी पुत्री के समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में अपनी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम साक्षी दर्ज कराना चाहता हूं, एवं भविष्य में मेरी पुत्री साक्षी के नाम से ही जानी एवं पहचानी जाएगी।

सत्यापन :- मैं शपथकर्ता दिनेश कुमार यादव आत्मज श्री दरसिंगार यादव, उम्र 40 वर्ष, निवासी प्लाट नं. 12, सड़क 03 हिन्द नगर रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से लेकर 07 तक के कथन मेरे स्वयं की जानकारी के अनुसार सत्य व सही है अतः आज दिनांक 29/9/2021 को स्थान दुर्ग में अपना हस्ताक्षर कर दिया।

शपथकर्ता

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)

No. 03-03/ TN-270/21-22/2619 Raipur, Dtd 25/10/2021

E-TENDER NOTICE NO. TN-270/21-22

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from Experienced & reputed contractors for Supply/ work as mentioned below:-

S. No.	Tender no. RFx no.	Description	Date & time for bid submission
1.	OW-343/21-22 8100023509 (With RLA)	Deployment of 06 Nos. Computer Operators for O/o C.E. (S&P:Gen.), CSPGCL, Raipur	Upto 15.11.2021 15:00 Hrs
2.	EW-344/21-22 8100023521 (With RLA)	Procurement and installation of lightning conductor in 1x500 MW TG & associates other buildings HTPS KW evis.	Upto 25.11.2021 15:00 Hrs

The details of NIT can be viewed from our website www.cspc.co.in and the Tender Documents can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal:-https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal. Any amendment/corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

"SAVE ELECTRICITY" S.-30325/2

Chief Engineer(S&P:Gen) CSPGCL: Raipur

कार्यालय नगर पालिक निगम, जोन क्रमांक-09 रायपुर
मोवा थाना के पीछे स्थित सामुदायिक भवन

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

क्र./251A/न.पा.नि./जोन. क्र. 09/2021 रायपुर, दिनांक 20/10/2021

नगर पालिक निगम, रायपुर के जोन क्रमांक-9 में निम्न कार्य हेतु सीलबंद निविदा नियमानुसार दो लिफाफा पद्धति से दिनांक 11.11.2021 तक निविदाएं रजिस्टर्ड डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिक निगम जोन कार्यालय क्र. 09 में संध्या 5.30 तक आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र दिनांक 02.11.2021 को संध्या 5.00 बजे तक आवेदन के साथ निर्धारित राशि जमा कर, प्राप्त कर लिए जा सकेंगे। प्राप्त निविदाएं निविदा प्राप्ति के अगले कार्य दिवस को अपरान्ह 12.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेंगी।

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित व्यय (रुपए में)	अमानती राशि (रुपए में)	निविदा प्रपत्र मूल्य	निविदा प्रपत्र प्रारूप	समयावधि	ठेकेदार श्रेणी
1	पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड अंतर्गत चन्द्राकर घर से डा. श्रीवास्तव तक प्रोफेसर कालोनी, कृषक नगर में रोड एवं नाली विकास कार्य	1885000.00	19000.00	750.00	A	2 माह	ई.रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर (लोक निर्माण विभाग के भवन एवं रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित)
2	नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड अंतर्गत दुर्गा चौक के पास शेड लगाने का कार्य	670000.00	6700.00	750.00	A	2 माह	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे उससे ऊपर (लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित)
3	पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड क्रमांक-3 अंतर्गत कचना स्कूल में मरम्मत/ संधारण कार्य	541807.00	6000.00	750.00	A	2 माह	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे उससे ऊपर (लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित)
4	कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड अंतर्गत खेमका बी.एस.यू.पी. में सेप्टिक टेंक निर्माण कार्य	318000.00	4000.00	750.00	A	2 माह	ई-रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे उससे ऊपर (लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित)

1. कार्य से संबंधित जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में नगर पालिका निगम जोन क्रमांक-09 से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा संबंधी जानकारी नगर निगम पोर्टल से भी प्राप्त की जा सकती है।
2. निविदा में उल्लेखित उपरोक्त दिनांक में शासकीय अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्यालयीन दिवस में कार्यवाही किया जावेगा।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

जोन आयुक्त जोन क्रमांक-09 नगर पालिक निगम, रायपुर

70 वर्षीय महिला का वर्टिब्रोप्लास्टी ऑपरेशन सफल

3 माह पूर्व फर्श पर गिर जाने से फ्रैक्चर हुई रीढ़ की हड्डी

रायपुर/नवप्रदेश। रीढ़ की हड्डी में चोट (स्पाइनल फ्रैक्चर) लग जाने से विगत तीन महीनों से दर्द का शिकार तथा बिस्तर पर लेटी हुई (बेडरिडेन) 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की सफल 'वर्टिब्रोप्लास्टी' के बाद महिला का जीवन पहले की तरह दर्दरहित एवं सामान्य हो गया है। डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के रेडियोलॉजी (एक्स-रे) विभाग में इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट डॉ. विवेक पात्रे के नेतृत्व में मिनिमल इनवेसिव पद्धति से हुए वर्टिब्रोप्लास्टी सर्जरी के बाद बुजुर्ग महिला की दैनिक गतिविधि सामान्य हो गई है।

तिल्दा-नेवरा निवासी बुजुर्ग महिला शकीला सफल उपचार के बाद डिस्चार्ज होकर घर चली गई है। संभवतः वर्टिब्रल फ्रैक्चर के उपचार के लिए किए जाने वाले वर्टिब्रोप्लास्टी का यह राज्य में पहला केस है। इससे पूर्व इस प्रकार के उन्नत तरीके के उपचार की सुविधा प्राप्त करने के लिए लोग महानगरों का रूख करते थे जहां पर न्यूतनम दो लाख से तीन लाख रूपये तक का खर्च लोगों को वहन करना पड़ता था परंतु इस चिकित्सालय में मरीज की वर्टिब्रोप्लास्टी डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजनांतर्गत निः शुल्क हुई।

किस तरह खोखली सुई से किया जाता है इंजेक्ट

इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट डॉ. विवेक पात्रे के अनुसार, इमेज गाइडेड वर्टिब्रोप्लास्टी प्रक्रिया में फ्लोरोस्कोपी की सहायता से रीढ़ के फ्रैक्चर वाले स्थान पर खोखली सुई के माध्यम से एक विशेष बोन सीमेंट को हड्डी में इंजेक्ट किया जाता है जिसके बाद सीमेंट उस स्थान पर जाकर जम जाता है और टूटी हुई हड्डी को सहारा मिल जाता है। यह उपचार तकनीक इसी विधि पर आधारित है।

रोगी को लंबे समय तक नहीं होना पड़ता भर्ती

डॉ. विवेक पात्रे बताते हैं, वर्टिब्रोप्लास्टी सर्जरी एक तरह से डे केयर प्रोसीजर है जिसके लिए मरीज को अस्पताल में लंबे समय के लिए भर्ती होने की आवश्यकता नहीं होती। इसमें न्यूनतम (मिनिमल) इनवेसिव प्रक्रिया के जरिये स्पाइनल फ्रैक्चर को ठीक किया जाता है तथा स्पाइन में होने वाले दर्द को कम किया जा सकता है। आस्टियोपोरेसिस के कारण हड्डियों के घनत्व, द्रव्यमान एवं क्षमता में आयी कमी या फिर टूटी हुई रीढ़ की हड्डियों को सहारा देने के लिए प्रक्रिया में अस्थि (बोन) सीमेंट का उपयोग किया जा सकता है। वर्टिब्रोप्लास्टी के बाद व्यक्ति की गतिशीलता बढ़ती है, साथ ही दर्द की दवाओं का उपयोग कम हो जाता है।

मरीज की बहू सविता पाल बताती हैं कि तीन महीने पहले फर्श पर गिर जाने के कारण सास के रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया था, उस दिन से वह बिस्तर से उठ नहीं पाईं। कई जगह दिखाने पर भी कोई आराम नहीं मिला तब अम्बेडकर अस्पताल लेकर आए जहां पर डॉक्टरों ने सीटी स्कैन और एमआरआई जांच से रीढ़ की हड्डी (डार्सल वर्टिब्रा डी-12) में फ्रैक्चर होने की जानकारी दी। इसके बाद रेडियोलॉजी विभाग के डॉक्टरों ने उम्र की अधिकता और बीमारी की गंभीरता को देखते हुए वर्टिब्रोप्लास्टी करने का निर्णय लिया। उपचार के बाद मेरी सास बिस्तर से उठ कर बैठना शुरू कर दी है। पहले की अपेक्षा स्थिति में 80 से 90 फीसदी तक सुधार है।

ऐसे हुआ प्रोसीजर

वर्टिब्रोप्लास्टी सर्जरी में सबसे पहले इमेज गाइडेड (छवि मार्गदर्शन) फ्लोरोस्कोपी की सहायता से खोखली सुई को त्वचा के माध्यम से फ्रैक्चर हुए वर्टिब्रा में इंजेक्ट किया गया। इसके बाद बोन सीमेंट के मिश्रण को इंजेक्शन के जरिए इंजेक्ट किया गया। फ्रैक्चर हुए वर्टिब्रल (कशेरुक) के भीतर पहुंचते ही सीमेंट सख्त हो जाता है। पांच मिनट के अंदर ही सुई को हटा दिया जाता है। इसके लिए कोई सर्जिकल चीरे की आवश्यकता नहीं होती है केवल त्वचा में एक छोटे से छेद के माध्यम से ही यह प्रक्रिया पूरी हो जाती है। मरीज के लिए यह एक सुरक्षित और प्रभावी प्रक्रिया रही जिसमें केवल सुई वाले स्थान को सुन्न करके (लोकल एनेस्थीसिया देकर) पूरा प्रोसीजर किया गया।

इनका रहा विशेष सहयोग

इस सर्जरी में डॉ. विवेक पात्रे के साथ रेडियोलॉजिस्ट डॉ. नीलेश गुप्ता, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. अशोक सिदार, डॉ. आकांक्षा, डॉ. सूरज, डॉ. सोनल, डॉ. प्रियंका, नर्सिंग स्टाफ से सिस्टर अर्पणा, सिस्टर दुर्गेश एवं सिस्टर गीतांजलि, टेक्नीशियन टीम से अब्दुल, नरोत्तम, देवेश का विशेष सहयोग रहा।

क्या है वर्टिब्रोप्लास्टी ऑपरेशन

वेरटेब्रोप्लास्टी सर्जरी एक तरह की आउट पेशेंट प्रक्रिया है, जिसमे स्पाइनल फ्रैक्टर को ठीक किया जाता है। इस प्रक्रिया के माध्यम से स्पाइनल में होने वाले दर्द को कम किया जा सकता है। आस्टिओपोर्सेस के कारण टूटी हुई रीढ़ हड्डियों को सहारा देने के लिए अस्थि सीमेंट का उपयोग किया जा सकता है।

धान पर रार : भाजपा ने कृषि मंत्री चौबे से मांगा इस्तीफा, मंत्री अकबर ने दी सफाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को लेकर राजनितिक बयान बाजी तेज हो गई है। मसोमवार को मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक में केवल धान खरीदी का लक्ष्य ही तय किया गया और खरीदी की तिथि कैबिनेट बैठक पर छोड़ दिया गया है। जिसे लेकर सियासी उबाल प्रदेश में जारी है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने समर्थन मूल्य पर धान की सरकारी ख़रीद की तारीख़ तय नहीं करने को लेकर प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने तो प्रदेश के कृषि मंत्री रवीन्द्र चौबे से इस्तीफ़ ही मांग लिया। साय ने कहा कि प्रदेश में हर साल समर्थन मूल्य पर धान की सरकारी ख़रीद की तारीख़ को लेकर संशय बनाए रखने की प्रदेश सरकार की बदनीयती के चलते प्रदेश के लाखों किसान इस बात के लिए सदैव आशंकित रहते हैं कि आख़िर प्रदेश सरकार कब उनका धान ख़रीदेगी? उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा धान ख़रीदी की तारीख़ घोषित नहीं किए जाने को किसानों के साथ छलावा बताया है।

बारदानों को लेकर अभी से संशय

साय ने कहा कि प्रदेश सरकार इस साल फिर बारदानों को लेकर रोना-धोना मचाने लगी है कि बारदानों की पर्याप्त आपूर्ति नहीं हुई है, जबकि जुलाई में ही भाजपा ने पत्र लिखकर प्रदेश सरकार को इसके लिए आग़ाह कर दिया था कि इस साल धान ख़रीदी में प्रदेश सरकार की कोई भी अड़ंगेबाजी और बहानेबाजी क़तई नहीं चलेगी और प्रदेश सरकार बारदाना समेत धान ख़रीदी के तमाम इंतज़ाम पुख़्ता तौर पर कर ले। इसके बावजूद ख़ुद को किसान पुत्र कहकर प्रदेश के किसानों को झाँसा देने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल किसानों का धान ख़रीदने की व्यवस्था करने के बजाय सियासी नौटंकियों और केंद्र सरकार के ख़िलाफ़मिथ्या प्रलाप करने में ही वक़्त जाया करते रहे हैं।

मंत्रिमंडल को तय करना है खरीदी तिथि – अकबर

मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि मंत्रिमंडल की उपसमिति जो सिफ़ारिश करेगी उस आधार पर ही मंत्रिमंडल को तय करना होता है। उन्होंने कहा कि खरीदी में परिस्थिति वश देर होना लाजमी है। मंत्री ने बीते साल में कोरोना और बारिश के चलते देर होना बताया। अब वास्तविक स्थिति कैबिनेट की बैठक में लाने के बाद ही तय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में बारदाने की कमी हर साल रहती है मांग के बावजूद भी बारदाना नहीं मिल पाता है। यही कारण है कि इस बार यदि दिक्कत आई तो किसानों के वन टाइम यूज़ बारदानों का उपयोग सरकार करेगी।

मंत्री अकबर ने साफतौर पर कहा कि भाजपा केवल आरोप लगाना जानती है। उनके शासनकाल में भी ऐन चुनाव के पहले ही 1 नवंबर को धान खरीदी हुई थी, बाकी वर्षों में खरीदी की तिथि में अंतर आया था। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो शासन द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। अब कैबिनेट की बैठक में ही धान खरीदी की तिथि पर मुहर लगेगी।

किसान विरोधी सरकार : साय

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साय ने कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के शासनकाल में 1 नवंबर से धान ख़रीदी की मांग पर प्रलाप करने वाली कांग्रेस की मौजूदा प्रदेश सरकार के अब 1 नवंबर से धान ख़रीदी करने में हाथ-पाँव फूल जाते हैं। प्रदेश सरकार के लिए इससे अधिक शर्मनाक और प्रदेश के किसानों के साथ इससे बड़ा छल-कपट और क्या हो सकता है कि कांग्रेस की सरकार इस बार 1 दिसंबर से धान ख़रीदी का एलान तक नहीं कर सकी है। घोर किसान विरोधी चरित्र का परिचय देती प्रदेश सरकार किसानों का सबसे ज़्यादा नुक़सान करने पर आमादा है।

प्रदेश के किसानों के हक़ का पैसा उत्तरप्रदेश में अपनी व्यक्तिगत सम्पदा मानकर लुटाते और स्वामीभक्ति दिखाते रहे, और अब भी धान ख़रीदी के इंतज़ाम तय करने के बजाय उत्तरप्रदेश में सियासी लफ़्फ़ाजियाँ करते घूम रहे हैं। साय ने कहा कि सोमवार को धान ख़रीदी पर निर्णय को लेकर हुई बैठक में भी धान ख़रीदी की तारीख़ तय नहीं करके प्रदेश सरकार ने किसानों का प्रताड़ित किया है, इससे ज़्यादा दुःखद और लज्जाजनक कुछ नहीं हो सकता।

इस वर्ष आठ विधाओं में दिया जाएगा छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण सम्मान

पहली बार दिया जाएगा देवदास बंजारे स्मृति सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 1 नवंबर को संस्कृति विभाग द्वारा इस वर्ष अलग-अलग 8 विधाओं में विभूतियों को छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण सम्मान दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पहले चार विधाओं में विभूतियों को छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण सम्मान दिया जाता था। साथ ही कोरोना महामारी के चलते विगत एक-दो वर्षों से एक-दो विधाओं में पुरस्कार की घोषणा नहीं हो पाई थी।

इन विधाओं के विभूतियों को भी राज्य अलंकरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इस तरह 1 नवंबर 2021 को 21वां राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कुल 8 विधाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले को पंडित सुन्दर लाल शर्मा सम्मान, संगीत एवं कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए चक्रधर सम्मान, लोककला-शिल्पकला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले को दाऊ मंदराजी सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार पंथी नर्तक देवदास की स्मृति में पंथी नृत्य सम्मान तथा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा पर देवदास बंजारे स्मृति पुरस्कार, विदेशों में स्थापित छत्तीसगढ़ के निवासियों को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए छत्तीसगढ़ अप्रवासी भारतीय सम्मान, हिन्दी-छत्तीसगढ़ी सिनेमा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभूतियों को किशोर साहू सम्मान तथा हिन्दी-छत्तीसगढ़ी सिनेमा के निर्देशन में बेहतर कार्य करने वाले विभूतियों को किशोर साहू राष्ट्रीय अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री 31 को पूर्व प्रधानमंत्री एवं लौह पुरूष पर केन्द्रित प्रदर्शनी का करेंगे उद्घाटन

रायपुर (नवप्रदेश)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 31 अक्टूबर को सवेरे 10 बजे रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय इंदिरा प्रियदर्शिनी गांधी की पुण्यतिथि तथा पूर्व उप प्रधानमंत्री लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर दोनों विभूतियों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

इस कार्यक्रम के बाद साईंस कॉलेज मैदान में अपरान्ह 3 बजे पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा प्रियदर्शिनी गांधी के व्यक्तित्व, विचारों एवं दृष्टिकोण पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राज्यसभा सांसद जयराम रमेश और वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला अतिथि वक्ता होंगे।

मंत्री अकबर ने सुनी लोगों की समस्यायें

रायपुर/नवप्रदेश। मिलिये मंत्री के कार्यक्रम में मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने प्रदेश भर से आम, कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आमजन से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना तथा उसका निराकरण किया।

इस अवसर पर मंत्री ने संवाददाताओं से करते हुये कहा कि आज लगभग 200 से अधिक आवेदन प्राप्त हुये। इसमे स्वेच्छानुदान, ट्रांसफर, वनाधिकार, आवास के बारे में और कई प्रकार के आवेदन प्राप्त हुये। धान खरीदी के लिये बारदाने की कमी को दूर किया जायेगा। इस वर्ष भी जूट कमिश्नर ने मांग के अनुसार बारदानों की पूर्ति को स्वीकृति नही दिया है लेकिन किसानों के बारदानों पुराने बारदानों से खरीदी होगी पिछ्ले वर्ष भी व्यवस्था की गयी इस वर्ष भी कर लिया जायेंगा।

शिक्षकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सीएम व स्कूल शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

रायपुर/नवप्रदेश। शिक्षाकों ने अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर विभागीय कार्यशाला कर मुख्यमंत्री और शिक्षामंत्री को ज्ञापन सौंपा है। शिक्षक संघ का राज्यव्यापी अभियान में संघ के प्रांताध्यक्ष केदार जैन सहित संघ पदाधिकारी व सैकड़ों की संख्या में शिक्षक शामिल हुए। प्रांताध्यक्ष केदार जैन ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सरकार से वही मांग रहे है, जिसका वायदा उनके द्वारा हमारे साथ किया गया हैं। जुलाई 2018 में जब हम शिक्षाकर्मियो का शिक्षा विभाग में संविलियन हुआ तब तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, वर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा था कि संविलियन से सहायक शिक्षक एलबी को लाभ नहीं हो रहा है, उनकी वेतन विसंगति यथावत बनी हुई हैं।

कांग्रेस सरकार आने पर वेतन विसंगति को प्राथमिकता से दूर किये जाने की बात कही गई। इसी तरह जन घोषणा पत्र में प्रथम नियुक्त तिथि के आधार पर क्रमोन्नत वेतनमान देने एवं पुरानी पेंशन बहाल करने का वायदा भी किया गया लेकिन अब तक ये मांग पूरी नहीं हुई। संघ का स्पष्ट संदेश है कि जब तक हमारे साथ न्याय नहीं होगा यह अभियान अनवरत जारी रहेगा।

कार्यशाला के बाद रैली के शक्ल में सभी शिक्षक व पदाधिकारी कार्यालय संयुक्त संचालक शिक्षा रायपुर पहुंचे जहां संयुक्त संचालक शिक्षा, को मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग के नाम ज्ञापन सौंपते हुए सरकार को संघ व शिक्षकों की भावना से अवगत कराने का निवेदन किया गया। इसके साथ ही रायपुर संभाग में शिक्षकों की विभिन्न समस्या सेवा पुस्तिका का संधारण व सत्यापन, परीक्षा अनुमति, एरियर्स राशि का भुगतान आदि विषयों पर चर्चा कर ज्ञापन सौंपते हुए निराकरण का मांग किया गया। अधिकारी के द्वारा उक्त समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निराकरण का भरोसा संघ प्रतिनिधि मंडल को दिया गया।

छग कलाकारों की सरकार लेगी सुध, समस्याएं सुनने मंत्री भगत लगाएंगे कला चौपाल

रायपुर/नवप्रदेश। संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने मंगलवार को महंत घासीदास संग्रहालय सभा कक्ष में प्रदेश के अलग-अलग विधाओं से जुड़े कलाकारों, फिल्म निर्माता-निर्देशकों और होटल-मोटल के प्रतिनिधियों का एक सभा बुलाकर राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में सहभागिता के लिए स्नेहिल आमंत्रित दिया। इस मौके पर कलाकारों एवं प्रतिनिधियों ने अपने-अपने सुझाव दिए। मंत्री भगत ने कलाकारों के सुझाव को गम्भीरता से लेते हुए इन क्षेत्रों से जुड़े कलाकारों की समस्याओं के निराकरण के लिए माह में एक बार जन चौपाल की तर्ज पर कला चौपाल लगाने की घोषणा की। कला चौपाल के माध्यम से कलाकारों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा यहां के कलाकारों निर्माता-निर्देशकों, लेखकों और तकनीशियनों को अवसर उपलब्ध कराने के लिए बेहतर फिल्म नीति तैयार किया गया है। इससे फिल्म उद्योग से जुड़े सभी लोगों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने कहा है कि आगामी 28 से 30 अक्टूबर तक होने जा रहे राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव को सफल बनाने हम सबकी सहभागिता एवं सकारात्मक पहल जरूरी है। भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का यह दूसरा आयोजन है।

इस नृत्य महोत्सव में देश-विदेश से आने वाले कलाकारों के मध्य सकारात्मक वातावरण निर्मित करने की अहम भागीदारी विशेष तौर पर कलाकारों की होती है। इसके अलावा ऑटो, टैक्सी, ट्रैवलर के साथ-साथ होटल-मोटल के प्रबंधन की भी अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वृहद रूप से भव्य राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, हम सबकी जिम्मेदारी है कि महोत्सव के प्रति सकारात्मक माहौल बनाते हुए बेहतर मेहमान नवाजी से देश के विभिन्न प्रान्तों तथा विदेशों से आने वाले कलाकारों के मध्य बेहतर वातावरण तैयार किया जाए। मंत्री भगत ने इस मौके पर संस्कृति विभाग द्वारा ऑनलाइन कार्टून प्रतियोगिता के लिए मंगाई गई कार्टूनों का संग्रह कर प्रकाशित पुस्तक का विमोचन किया।

संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य ने इस मौके पर बताया कि राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव राज्य सरकार का दूसरा बड़ा आयोजन है। इससे देश-विदेश में छत्तीसगढ़ को एक नई पहचान मिली है। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के इस दूसरे आयोजन में शामिल होने के लिए 7 देशों के कलाकारों की सहमति मिल गई है। नाइजीरिया, फिलिस्तीन और श्रीलंका के कलाकार रायपुर, छत्तीसगढ़ पहुंच चुके हैं। कल तक चार अन्य देशों के कलाकार भी आ जायेंगे। इसके अलावा देश के 27 राज्यों और 6 केन्द्र शासित प्रदेशों के कलाकार भी इस राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में शामिल होंगे और अपने कला संस्कृति एवं परम्परा पर आधारित जीवंत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी देंगे।